जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

जालोर

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

फोनः- 226422, 226423 फैक्सः- 02973-226424 | वर्षः 20 | संख्याः 350 | प्रभात | जालोर, सोमवार 30 मार्च, 2026 | पो. रजि. /RJ/SRO/9640/2022-24 | पृष्ठ 6 | मूल्य 2.50 रु.

## सऊदी अरब एयरबेस पर हमला, अमेरिकी वायुसेना का अत्याधुनिक विमान नष्ट

### ईरान ने इस हमले में 6 बैलिस्टिक मिसाइल व 29 हथियारों से लैस ड्रोन का उपयोग किया

तेहरान, 29 मार्च। पश्चिम एशिया में अमेरिका, इज़रायल और ईरान के बीच जारी युद्ध अब पांचवें सप्ताह में पहुंच गया है। रविवार को सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयरबेस पर ईरान की तरफ से किए गए मिसाइल और ड्रोन के बड़े हमले में अमेरिकी वायुसेना का अत्याधुनिक ई-3 ए.डब्ल्यु.एसी.एस. जासूसी विमान अवॉक्स पूरी तरह नष्ट हो गया। आईआरजीसी ने हमले की जिम्मेदारी लेते हुए दावा किया कि उसने अमेरिका के ईंधन भरने और हवाई सहायता बेड़े को निशाना बनाया, जिसमें कई बड़े सैन्य विमान नष्ट या क्षतिग्रस्त हुए। ईरान की अर्ध सरकारी समाचार संस्था तसनीम न्यूज एजेंसी ने इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) के हवाले से यह जानकारी दी।

- **विशेषज्ञों के अनुसार, हमला बेहद सटीक था और विमान के सबसे अहम हिस्से, रडार को निशाना बनाया गया। यह भाग विमान की मुख्य ऑपरेशनल क्षमता का केन्द्र है।**

विश्लेषण में सामने आया है कि हमला बेहद सटीक था और विमान के सबसे अहम हिस्से रडार डोम को निशाना बनाया गया। यह वही भाग होता है जिसमें एएन/एपीवाई-2 सर्विलांस रडार सिस्टम लगा होता है, जो विमान की मुख्य ऑपरेशनल क्षमता का केंद्र है।

तस्वीरों में विमान के पिछले हिस्से में भारी संरचनात्मक क्षति देखी गई है। यह विमान हाल ही में 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' के तहत इस बेस पर तैनात किया गया था और अमेरिकी वायुसेना की 552वीं एयर कंट्रोल विंग का हिस्सा था। इस घटना के बाद अमेरिकी -3 बेड़े में विमानों की संख्या 16 से घटकर 15 रह गई है।

अन्य मीडिया रिपोर्टस के अनुसार, हमले में छह बैलिस्टिक मिसाइलों और 29 हथियारों से लैस ड्रोन का इस्तेमाल किया गया।

इस हमले में कम से कम 15 अमेरिकी सैनिक घायल हुए हैं, जिनमें से पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है।

आईआरजीसी ने आगे कहा कि जिस विमान को निशाना बनाया गया वह पूरी तरह से नष्ट हो गया और पास में खड़े अन्य विमानों को भी काफी नुकसान पहुंचा।

हालांकि, अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने अभी तक हमले के पूरे विवरण की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है लेकिन रिपोर्ट्स के अनुसार, ई-3जी सेंट्री अवाक्स विमान अमेरिकी वायु सेना का एक महत्वपूर्ण हवाई चेतावनी और युद्ध प्रबंधन प्लेटफॉर्म है, जो 250 मील से अधिक दूरी तक निगरानी करने में सक्षम होता है। इसके नष्ट होने से क्षेत्र में अमेरिकी हवाई निगरानी और कमान क्षमता पर बड़ा असर पड़ सकता है।

अमेरिका और इज़रायल ने ईरान पर संयुक्त रुप से 28 फरवरी को हमला किया था जिसमें ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई के साथ ही कई वरिष्ठ सैन्य कमांडरों और नागरिकों की मौत हो गई थी। इसके जवाब में, ईरान ने कार्रवाई करते हुए खाड़ी देशों में मौजूद अमेरिकी और इजरायली ठिकानों को मिसाइलों और ड्रोन की लहरों से निशाना बनाया, जिससे व्यापक क्षित पहुंची है।

## अमेरिका के साढ़े तीन हजार मरीन मध्य पूर्व पहुँचे

वाशिंगटन, 29 मार्च। अमेरिका के 3500 अतिरिक्त सैनिक मध्य पूर्व पहुंच चुके हैं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार इन सैनिकों को यूएसएस ट्रिपली जहाज से भेजा गया है। सभी सैनिक 31वीं मरीन एक्सपेडिशनरी यूनिट का हिस्सा हैं। उनके साथ बड़ी संख्या में लड़ाकू विमान और हथियार भी भेजे गए हैं। अमेरिका ने ईरान पर जमीनी सैन्य अभियान शुरू करने की तैयारी शुरू कर दी है।

- **माना जा रहा है कि अमेरिका का यह कदम जमीनी सैन्य अभियान की तैयारी का हिस्सा है।**

चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक यूएस सेंट्रल कमांड ने शनिवार को घोषणा की कि 3,500 मरीन और नाविकों का टास्क फोर्स शुक्रवार को मध्य पूर्व पहुंच गया है। कमांड ने एक्स पर संक्षिप्त पोस्ट में कहा, "यूएसएस त्रिपोली (एलएचए 7) पर सवार यूएस नाविक और मरीन 27 मार्च को कमांड के जिम्मेदारी वाले क्षेत्र में पहुंच गए।" पोस्ट में बताया गया कि इन सैनिकों के पास परिवहन, स्ट्राइक फाइटर विमान और एम्फीबियस असॉल्ट व टैक्टिकल संसाधन भी मौजूद हैं।

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## अमेरिका ने विदेशी प्रोफेशनल्स के न्यूनतम वेतन में भारी वृद्धि की

### इससे विदेशी प्रोफेश्नल्स को अमेरिका में नौकरी देना कंपनियों के लिए महंगा हो जाएगा तथा शायद अमेरिकी नागरिकों को ये नौकरियाँ मिल जाए

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 29 मार्च। ट्रम्प प्रशासन का एच-1 वीज़ा नियमों को कड़ा करने का नया कदम, जिसमें न्यूनतम वेतन सीमा में भारी बढ़ोतरी का प्रस्ताव है, अमेरिका की उच्च कौशल वाले प्रवासियों के प्रति नीति में बड़ा और महत्वपूर्ण बदलाव दर्शाता है। "सस्ते विदेशी श्रम" के उपयोग पर रोक लगाने और अमेरिकी कर्मचारियों को प्राथमिकता देने के प्रयास के रूप में पेश किए गए इस प्रस्ताव के दूरगामी परिणाम हो सकते हैं, खासकर उन भारतीय पेशेवरों के लिए जो एच-1 बी व्यवस्था में बड़ी संख्या में शामिल हैं।

इस प्रस्ताव का मुख्य बिंदु यह है कि नियोक्ताओं (एम्पलॉयर्स) को एच-1बी वीज़ा धारकों को दिए जाने वाले वेतन में बड़ी बढ़ोतरी करनी होगी। वेतन की न्यूनतम सीमा बढ़ाकर सरकार कंपनियों के लिए विदेशी कर्मचारियों को रखने को महंगा बनाना चाहती है, ताकि वे घरेलू कर्मचारियों को प्राथमिकता दें। सिद्धांत रूप में यह ट्रम्प काल की संरक्षणवादी नीतियों के अनुरूप है। हालांकि, व्यवहार में यह कदम उस संतुलित वैश्विक प्रतिभा व्यवस्था को प्रभावित कर सकता है,

- **इस नई नीति का सबसे ज्यादा असर भारतीय मूल के इंजीनियर, आई.टी. वर्कर्स पर पड़ेगा, क्योंकि एच-1बी वीज़ा के मार्फत अमेरिका में लगभग 2.8 लाख भारतीय काम कर रहे हैं। पर, अब भारतीय इंजीनियर्स आदि का अमेरिका में काम करने का रास्ता और सकड़ा हो जाएगा।**
- **इसका भारत को एक लाभ तो है कि अब ये प्रोफेशनल्स, भारत लौटने को मजबूर हो जाएंगे तथा भारत के लोकल "टैलेंन्ट पूल" को मजबूती मिलेगी तथा स्टार्टअप, वित्तीय टैक्नॉलजी व डिजिटल सर्विसेज़ सैक्टर को लाभ पहुँचेगा।**
- **पर, दूसरी ओर एक तत्कालिक नुकसान भी है। भारतीय प्रोफेशनल्स द्वारा, भारत को भेजे जा रहे "रैमिटैंस" (वेतन आदि) में काफी कमी आएगी, क्योंकि नौकरी जाने के बाद काफी भारतीय प्रोफेशनल्स भारत लौटने को होंगे।**

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## यूएई व बहरीन में दो बड़ी फैक्ट्रियों को ईरान ने निशाना बनाया

### ये दोनों फैक्ट्री अमेरिकी सैन्य व एयरोस्पेस उद्योग के लिए महत्वपूर्ण उत्पादन करती थीं

तेहरान, 29 मार्च। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशन गाड्र्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने दावा किया है कि उसने फारस की खाड़ी स्थित संयुक्त अरब अमीरात और बहरीन में अमेरिकी सैन्य और एयरोस्पेस उद्योगों से जुड़ी दो औद्योगिक फैक्ट्रियों को निशाना बनाया।

- **यूएई की ईमाल फैक्ट्री विश्व की सबसे बड़ी एल्युमीनियम उत्पादन लाइन है तथा बहरीन की अल्बा फैक्ट्री में अमेरिकी कंपनियों का निवेश व हिस्सेदारी भी है।**

आईआरजीसी के अनुसार यह कार्रवाई अमेरिका-इज़रायल की ओर से किए गए हमले के जवाब में की गई है जिसमें मिसाइलों और ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। ईरान की अर्ध सरकारी समाचार संस्था तसनीम न्यूज एजेंसी ने आईआरजीसी के हवाले से उक्त जानकारी दी।

आईआरजीसी ने एक बयान में कहा कि फ़ारस की खाड़ी के दक्षिणी तटीय राज्यों के औद्योगिक बुनियादी ढ ांचे को निशाना बनाने के अमेरिका और इज़रायल के दुर्भावनापूर्ण कार्यों के बाद आईआरजीसी एयरोस्पेस फ़ोर्स और नौसेना के लड़ाकों ने एक हाइब्रिड और लक्षित अभियान चलाया। उन्होंने इस क्षेत्र में अमेरिका के सैन्य और एयरोस्पेस उद्योगों से जुड़ी दो फैक्ट्रियों- यूएई में एमिरेट्स एल्युमीनियम (ईमाल) फैक्ट्री और बहरीन में एल्युमीनियम बहरीन (अल्बा) फैक्ट्री को निशाना बनाया है।

ईमाल फैक्ट्री में दुनिया की सबसे लंबी एल्युमीनियम उत्पादन लाइन है, जिसकी उत्पादन क्षमता 1.3 मिलियन टन है। वहीं, अल्बा एल्युमीनियम फैक्ट्री में अमेरिकी कंपनियों का निवेश और हिस्सेदारी है जो अमेरिका के सैन्य उद्योगों के लिए सामान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

## अमेरिका के सभी 50 राज्यों में ट्रंप के खिलाफ रैलियां निकलीं

वॉशिंगटन डीसी, 29 मार्च। ईरान युद्ध और राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की कार्रवाइयों के विरोध में शनिवार को अमेरिका के सभी 50 राज्यों और यूरोप के कई हिस्सों में "नो किंग्स" रैलियों में भारी भीड़ सड़कों पर उतर आई। बड़े शहरों से लेकर छोटे कस्बों तक, लोग कई मुद्दों पर अपना गुस्सा जाहिर करने के लिए इकट्ठा हुए।

- **"नो किंग्स" रैली में 80 लाख से अधिक लोगों ने ईरान युद्ध के खिलाफ प्रदर्शन किया।**

'नो किंग्स रैली' में 80 लाख लोगों ने हिस्सा लिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पूरे अमेरिका के सभी 50 राज्यों में 3,300 से ज्यादा स्थानों पर ये प्रदर्शन आयोजित किए गए।

आयोजकों ने बताया कि अक्टूबर में हुए पिछले नो किंग्स प्रदर्शनों की तुलना में इस बार करीब 10 लाख ज्यादा लोग शामिल हुए और लगभग 600 ज्यादा कार्यक्रम आयोजित किए गए।

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## यूक्रेन के हमलों ने रूस का तेल निर्यात 40 प्रतिशत गिराया

### रूस के उस्त-लूगा बंदरगाह का एक तेल लोडिंग पियर ड्रोन हमलों में पूरी तरह नष्ट हो गया

मॉस्को/कीव, 29 मार्च। यूक्रेन द्वारा लगातार किए जा रहे ड्रोन हमलों ने रूस के तेल निर्यात ढ ांचे को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यूक्रेन के ड्रोन हमले तथा एक प्रमुख पाइपलाइन पर हमला और टैंकरों को जब्त किए जाने के बाद रूस की तेल निर्यात क्षमता का कम से कम 40 फीसदी हिस्सा ठप पड़ गया है।

- **रूस दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा तेल निर्यातक है। तेल उत्पादन उसके राष्ट्रीय बजट में कमाई के मुख्य स्रोतों में है। इस समय जब तेल 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर है, रूस को बहुत हानि हो रही है।**

रूस के प्रमुख तेल निर्यात केंद्र उस्त-लूगा बंदरगाह पर हुए ड्रोन हमले में कम से कम एक तेल लोडिंग पियर पूरी तरह नष्ट हो गया है, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हुआ है। सैटेलाइट तस्वीरों के आधार पर आई रिपोर्ट्स में यह जानकारी सामने आई है।

अंतरराष्ट्रीय मीडया एनबीसी व अन्य रिपोर्ट के अनुसार, पेट्रोलियम उत्पादों के रिसाव के कारण लगी आग और हमले में न केवल बर्थ बल्कि कई स्टोरेज टैंक और तकनीकी ढ ांचे भी प्रभावित हुए हैं। इससे पहले, 23 मार्च की रात को यूक्रेन ने रूस के बड़े तेल बंदरगाह प्रिमोर्स्क पर हमला किया था, जिसमें भीषण आग लग गई थी। इस आग में कई बर्थ और दो टैंकर चपेट में आ गए थे। इसके बाद 25 मार्च और फिर 27 मार्च की रात को यूक्रेनी ड्रोनों ने उस्त-लूगा और प्रिमोर्स्क बंदरगाहों को दोबारा निशाना बनाया। ये दोनों बंदरगाह बाल्टिक सागर क्षेत्र में रूस के सबसे अहम तेल निर्यात केंद्र माने जाते हैं।

यह शटडाउन रूस के तेल सप्लाई में अब तक की सबसे बड़ी रुकावट है। रूस दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा तेल एक्सपोर्टर है और यह रुकावट मॉस्को के लिए ठीक ऐसे समय पर आई है जब ईरान युद्ध के कारण तेल की कीमतें 100 प्रति बैरल से ऊपर चली गई हैं। रूस का तेल उत्पादन राष्ट्रीय बजट के लिए कमाई के मुख्य स्रोतों में से एक है और 2.6 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था के लिए बहुत ज़रूरी है।

इस महीने यूक्रेन ने रूस के तेल और ईंधन एक्सपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर पर ड्रोन हमलों को तेज कर दिया है। इन हमलों में रूस के तीन मुख्य पश्चिमी तेल एक्सपोर्ट पोट्र्स को निशाना बनाया गया, जिनमें ब्लैक सी पर नोवोरोस्सियस्क, और बाल्टिक सी पर प्रिमोर्स्क और उस्त-लुगा शामिल हैं।

## छत्तीसगढ़ में 5 लाख का ईनामी नक्सली कमांडर मारा गया

सुकमा, 29 मार्च। सुकमा जिले के पोलमपल्ली थाना क्षेत्र के जंगलों में रविवार सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। मुठभेड़ में 5 लाख का इनामी नक्सली कमांडर मारा गया है।

सुकमा के एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) की टीम ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। इसी दौरान जंगल-पहाड़ी क्षेत्र में जवानों और नक्सलियों

- **सुकमा के जंगलों में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में पुलिस को यह सफलता मिली।**

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## केन्द्र सरकार ने केरोसिन की सप्लाई में भी ढील दी

नई दिल्ली, 29 मार्च। होर्मुज संकट और वैश्विक तनाव के बीच भारत सरकार ने आम लोगों को राहत देने के लिए बड़ा कदम उठाया है। रॉयटर्स की जानकारी के अनुसार, भारत सरकार ने केरोसिन यानी मिट्टी के तेल की सप्लाई आसान बनाने के लिए नियमों में ढ ील दी है। इसका मकसद है कि जिन इलाकों में गैस या बिजली की कमी है, वहां लोगों को खाना बनाने और रोशनी के लिए तुरंत केरोसिन मिल सके।

- **ऊर्जा संकट के बीच इस कदम से आम आदमी को राहत मिलेगी।**

सरकार ने साफ किया है कि पेट्रोलियम सुरक्षा और लाइसेंस से जुड़े कुछ नियमों को अस्थायी तौर पर आसान किया गया है। इससे 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में जरूरत के हिसाब से केरोसिन की सप्लाई की जा सकेगी।

सरकार का कहना है कि इस कदम से आम लोगों को सीधा फायदा होगा। खासकर ग्रामीण और दूर-दराज के इलाकों में जहां अभी भी लोग केरोसिन पर निर्भर हैं। सरकार ने कहा कि जरूरत पड़ने पर तुरंत केरोसिन उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि किसी को खाना बनाने या रोशनी के लिए परेशानी न हो। यह फैसला अस्थायी है, लेकिन हालात सामान्य होने तक इसे जारी रखा जाएगा।

## स्टेनोग्राफर भर्ती में कर्मचारी चयन बोर्ड की अतिरिक्त रियायत खारिज

### हाईकोर्ट ने कहा कि, 444 पदों की इस भर्ती के लिए कर्मचारी चयन आयोग 45 दिनों में नई मैरिट लिस्ट बनाए

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर, 29 मार्च। राजस्थान हाईकोर्ट में स्टेनोग्राफर एंड पर्सनल असिस्टेंट ग्रेड-2 भर्ती के दूसरे फेज के दौरान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा अभ्यर्थियों को गलतियों में 5 प्रतिशत की अतिरिक्त राहत देने के फैसले को चुनौती दी गई। सचिवालय के लिए 444 पदों की इस भर्ती की विज्ञप्ति 26 फरवरी 2024 को जारी हुई थी, जिसकी मैरिट लिस्ट 25 सितंबर 2025 को जारी की गई थी।

अदालत ने इस भर्ती को लेकर दायर की गई 40 याचिकाओं को एक साथ सुनवाई की। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता संदीप पाठक ने अदालत को बताया कि, इस भर्ती की चयन प्रक्रिया को दो भागों में बांटा गया था। प्रथम चरण में कई तरह के लिखित परीक्षाएं थी, जबकि दूसरे चरण में स्टेनोग्राफी टेस्ट था। प्रथम चरण में हर अभ्यर्थी को 40 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण करना था, तभी वह दूसरे चरण के लिए पात्र माना जाएगा।

उन्होंने आगे बताया कि, प्रथम चरण की परीक्षाएं 5 अक्टूबर 2024 को आयोजित की गई थी, जिसका परिणाम 23 दिसंबर को जारी किया गया था। दूसरे चरण में स्टेनोग्राफी टेस्ट के बाद मैरिट सूची 25 सितंबर 2025 को जारी की गई थी, जिसमें 904 अभ्यर्थियों को पात्र माना गया। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि, कर्मचारी चयन बोर्ड और राज्य सरकार ने गैरकानूनी ढंग से अभ्यर्थियों को फेज-2 में 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत अतिरिक्त गलतियों व त्रुटियों पर राहत दी, जबकि नियमानुसार गलतियों में राहत केवल सामान्य वर्ग में 20 प्रतिशत तथा एससी-एसटी वर्ग को 25 प्रतिशत दी जाती है। उन्होने कहा कि, 5 प्रतिशत अतिरिक्त राहत का प्रावधान तभी लागू किया जाता है, जब भर्ती में चयनित अभ्यर्थियों की संख्या तय वैकेंसी से कम रहे।

- **अदालत ने सवाल उठाया कि, जब 5 प्रतिशत की अतिरिक्त राहत दिए बिना भी 643 अभ्यर्थी पात्र थे, फिर इनमें से 444 पद क्यों नहीं भरे गए?**
- **याचिकाकर्ताओं का कहना है कि 904 अभ्यर्थियों ने मैरिट लिस्ट में स्थान पाया है, कर्मचारी चयन बोर्ड ने 5 प्रतिशत की अतिरिक्त राहत गैरकानूनी तरीके से दी है।**

याचिकाकर्ताओं का कहना है कि 904 अभ्यर्थियों में से 643 अभ्यर्थी ने बिना 5 प्रतिशत की अतिरिक्त राहत के फेज-2 की परीक्षाएं उतीर्ण कर ली थी, परंतु यह राहत देकर अभ्यर्थियों की सूची गैरकानूनी तरीके से बढाई गई है।

हाईकोर्ट के न्यायाधीश आनंद शर्मा ने तमाम तथ्यों को सुनने के बाद अपने आदेश में कहा कि, उनके समक्ष प्रस्तुत रिकॉर्ड से साफ जाहिर होता है कि कर्मचारी चयन बोर्ड के पास 5 प्रतिशत की अतिरिक्त राहत दिए बिना भी 643 अभ्यर्थी थे, जिनमें से उन्हें केवल 444 पद भरने थे। प्राप्त दस्तावेजों से जाहिर होता है कि सामान्य तथा अन्य सभी आरक्षित वर्गों में उपयुक्त संख्या में अभ्यर्थी थे, जिनमें से रिक्त पदों की भर्ती की जा सकती थी। ऐसे में अतिरिक्त राहत देने का कोई औचित्य नहीं था।

अदालत ने कहा कि, अगर चयन बोर्ड कोई वैटिंग लिस्ट भी बनाना चाहता था तो वह सूची भी इन 643 अभ्यर्थियों में से ही बनाई जा सकती थी। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं की ओर से प्रस्तुत तर्कों को स्वीकारते हुए कहा कि, 25 सितंबर और 21 अक्टूबर 2025 को जारी मैरिट लिस्ट तथा अंतरिम मैरिट सूची को खारिज किया जाता है। उन्होंने आदेश दिए कि अब कर्मचारी चयन बोर्ड 45 दिनों में नई मैरिट सूची बनाए, जिन्हें 5 प्रतिशत की अतिरिक्त रियायत का फायदा नहीं दिया गया है।

## हिमाचल प्रदेश की पहाड़ियों में बर्फ गिरी

शिमला, 29 मार्च। हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में ताज़ा बर्फबारी और राज्यभर में रविवार को हुई व्यापक बारिश ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया। ठंड एक बार फिर बढ़ गई है। लाहौल-स्पीति जिला प्रशासन ने यात्रियों को फिसलन भरी सड़कों पर सावधानी से वाहन चलाने की सलाह जारी की है।

- **बर्फ और बरसात ने सड़कों पर फिसलन बढ़ाई, रोहतांग दर्रा आंशिक रुप से बंद।**

जिला आपात रिपोर्ट के अनुसार कई ऊंचाई वाले इलाकों में लगातार बर्फबारी के कारण रास्ते बंद हो गए हैं। रोहतांग दर्रा और कुंजुम दर्रा सहित प्रमुख मार्गों पर आवाजाही ठप है। रोहतांग मार्ग के आंशिक रूप से बंद होने

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## विचार बिन्दु

एकता का किला सबसे सुरक्षित होता है। न वह टूटता है और न उसमें रहने वाला कभी दुःखी होता है। –अज्ञात

# लोक संस्कृति बनाम बाज़ार: क्या राजस्थान अपनी आत्मा खो रहा है?

जैसलमेर की सुनहरी रेत पर ढलती शाम में पारंपरिक वेशभूषा में सज्जित एक लोक कलाकार 'केसरिया बालम' गा रहा है। सामने देशी-विदेशी पर्यटकों की भीड़ है, कैमरे हैं, मोबाइल हैं, तालियाँ हैं-सब कुछ है। जो नहीं है, वह है वह आत्मीयता, वह सामुदायिक स्पंदन, जिसमें यह गीत कभी जन्मा था। जो कभी जीवन की लय था, वह आज 'इवेंट' बन गया है; जो कभी लोक का स्वाभाविक विस्तार था, वह अब बाज़ार का सुनियोजित प्रदर्शन है। सवाल यह है कि क्या हम राजस्थान की लोक संस्कृति को बचा रहे हैं, या उसे एक आकर्षक 'प्रोडक्ट' में बदलकर उसकी आत्मा को धीरे-धीरे समाप्त कर रहे हैं?

लोक संस्कृति की असली ताकत उसकी स्वाभाविकता में होती है। यह किसी मंच या प्रायोजक की मोहताज नहीं होती; यह खेत-खलिहान, आंगन-चौपाल, मेलों-त्योहारों में सांस लेती है। लेकिन जैसे-जैसे पर्यटन उद्योग ने राजस्थान को एक 'डेस्टिनेशन' के रूप में पैकेज किया, वैसे-वैसे लोक संस्कृति भी 'क्यूरेटेड एक्सपीरियंस' में बदलती चली गई। अब लोक नृत्य समय की पाबंदी में बंधा है-पांच से दस मिनट का 'शो'; गीतों के बोल और धुनें इस तरह तराशी जाती हैं कि वे दर्शकों को तुरंत लुभा सकें; पारंपरिक वाद्ययंत्रों की जगह इलेक्ट्रॉनिक साउंड ने ले ली है। यह सब इसलिए कि बाज़ार को 'तुरंत असर' चाहिए, 'धीरे-धीरे खुलने वाली' संवेदना नहीं।

उदाहरण हमारे सामने हैं। कभी मांगणियार और लंगा समुदायों के कलाकार अपने पारंपरिक संरक्षकों-स्थानीय जमींदारों और समुदायों-के लिए गाते थे। उनके गीतों में पीढ़ियों की स्मृतियाँ, रिश्तों की गर्माहट और स्थानीय इतिहास का जीवंत दस्तावेज़ होता था। आज वही कलाकार बड़े-बड़े होटलों और 'डेजर्ट सफारी' पैकेज का हिस्सा हैं। वे गा तो रहे हैं, लेकिन अब उनका गाना 'समय-सीमा' और 'दर्शक की पसंद' से संचालित है। 'पधारो म्हारे देश' अब आतिथ्य का आत्मीय निमंत्रण नहीं, बल्कि पर्यटन का ब्रांड-स्लोगन बन गया है। 'नीबूड़ा' का मूल स्वरूप भुलाया जा चुका है और हर कोई उसका वही रूप प्रस्तुत करता है जो 'हम दिल दे चुके सनम में पेश किया गया था।

इसी तरह कालबेलिया नृत्य को देखिए। यह नृत्य एक विशिष्ट समुदाय की जीवनशैली, उनकी गतिशीलता और प्रकृति से उनके संबंध का प्रतीक था। आज यह अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रस्तुत होता है-यह गर्व की बात हो सकती है-लेकिन इसके साथ ही इसमें 'दृश्यात्मक आकर्षण' बढ़ाने के लिए ऐसे तत्व जोड़े गए हैं, जो मूल परंपरा का हिस्सा नहीं थे। वेशभूषा अधिक चमकीली, मुद्राएँ अधिक नाटकीय, और प्रस्तुति अधिक 'दर्शनीय' बना दी गई है। क्या यह विकास है, या मूल स्वरूप की कीमत पर हासिल किया गया विस्तार?

हस्तशिल्प का हाल भी इससे अलग नहीं। बाड़मेर और जैसलमेर के कारीगरों की कढ़ाई, ब्लॉक प्रिंटिंग, और नीली मिट्टी की कला कभी स्थानीय जरूरतों और सौंदर्यबोध से जुड़ी थी। आज वही कला 'स्मृति-चिह्न' (souvenir) बनकर बिक रही है। डिज़ाइन इस तरह बदले जा रहे हैं कि वे विदेशी ग्राहकों को अधिक आकर्षित करें। रंग, पैटर्न और आकार-सब कुछ बाज़ार की मांग के अनुसार ढल रहा है। इससे कारीगरों की आय बढ़ी है-यह एक सकारात्मक पहलू है-लेकिन क्या इस प्रक्रिया में उनकी परंपरा की मौलिकता सुरक्षित रह पाई है?

ऐसा ही कुछ भोजन के साथ भी हुआ है। दाल-बाटी अब राजस्थान की सीमाओं को लांघ कर राष्ट्रीय व्यंजन बन चुका है। यह अच्छी बात है। हमने भी तो अन्य अनेक प्रांतों के व्यंजनों को खुले मन से स्वीकार किया है। लेकिन चिंता इस बात की की जानी चाहिए कि राजस्थान के पारंपरिक व्यंजन अपना मूल स्वरूप बनाए रखें। बेशक प्रयोग हों, फ्यूज़न भी हो, नवाचार भी हो, लेकिन कहीं अपना मूल भी सुरक्षित रहे। अभी हाल यह है कि राजस्थान में आप मूल राजस्थानी भोजन बड़ी मुश्क़िल से ही पा सकते हैं। राजस्थानी के नाम पर जो मिलता है वह राजस्थानी पंजाबी और मुग़लई का अजीब-ओ-ग़रीब मिश्रण होता है। राजस्थान के बहुत सारे पारंपरिक व्यंजन लुप्त होने की कगार पर है। उन्हें बचाने की किसी को फिक्र भी नहीं है। यह शुभ नहीं है।

> **बाज़ार के समर्थक यह तर्क देते हैं कि अगर पर्यटन और व्यवसायी करण न होता, तो ये लोक कलाएँ कब की विलुप्त हो चुकी होतीं। यह तर्क पूरी तरह गलत नहीं है। सच यह है कि बाज़ार ने इन कलाओं को एक नया जीवन दिया है, कलाकारों को आर्थिक संबल दिया है, और उन्हें वैश्विक मंच तक पहुँचाया है। लेकिन यह आधा सच है।**

बाज़ार के समर्थक यह तर्क देते हैं कि अगर पर्यटन और व्यवसायी करण न होता, तो ये लोक कलाएँ कब की विलुप्त हो चुकी होतीं। यह तर्क पूरी तरह गलत नहीं है। सच यह है कि बाज़ार ने इन कलाओं को एक नया जीवन दिया है, कलाकारों को आर्थिक संबल दिया है, और उन्हें वैश्विक मंच तक पहुँचाया है। लेकिन यह आधा सच है। दूसरा आधा सच यह है कि इस प्रक्रिया में लोक संस्कृति का 'संदर्भ' (context) विलुप्त होता जा रहा है। जब कला अपने सामाजिक और सांस्कृतिक संदर्भ से कट जाती है, तो वह केवल 'प्रदर्शन' बनकर रह जाती है-एक ऐसी वस्तु, जिसे देखा और सराहा तो जा सकता है, लेकिन महसूस नहीं किया जा सकता।

सरकार और नीतियों की भूमिका भी यहाँ सवालों के घेरे में है। 'हेरिटेज' और 'कल्चरल टूरिज्म' के नाम पर बड़े-बड़े उत्सव और महोत्सव आयोजित किए जाते हैं-जैसे मरु महोत्सव, पुष्कर मेला आदि। ये आयोजन निश्चित रूप से ध्यान आकर्षित करते हैं, लेकिन क्या ये दीर्घकालिक संरक्षण का विकल्प हैं? क्या कलाकारों को साल भर स्थायी समर्थन, प्रशिक्षण और सामाजिक सुरक्षा मिलती है? क्या इन उत्सवों में राजस्थान की लोक संस्कृति को समुचित महत्त्व मिलता है? देखने में तो यह आता है कि सारे ही उत्सवों में भीड़ खींचने के लिए मुम्बई और बॉलीवुड से कलाकार आयात किए जाते हैं। अपने कलाकार तो केवल 'सीजनल डिमांड' के आधार पर याद किए जाते हैं? यह भी कि क्या इन सरकारी समारोहों में कलाकारों को वही सम्मान और महत्व वास्तव में मिलता है जिसके वे पात्र हैं? जब संस्कृति को केवल 'इवेंट' में समेट दिया जाता है, तो वह जीवन के प्रवाह से कटकर एक 'प्रदर्शनी' बन जाती है।

यह संकट केवल कला का नहीं, पहचान का भी है। जब राजस्थान की छवि को 'डेजर्ट सफारी ÷ लोक नृत्य शो ÷ ऊँट की सवारी' तक सीमित कर दिया जाता है, तो एक जटिल और बहुआयामी संस्कृति को एक सरल, उपभोक्तावादी चित्र में बदल दिया जाता है। यह 'इमेज' बिकाऊ है, लेकिन यह 'पहचान' नहीं है। पहचान वह होती है, जो भीतर से बनती है; इमेज वह होती है, जो बाहर से गढ़ी जाती है।

सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि नई पीढ़ी इसी 'बाज़ारीकृत' रूप को ही असली समझने लगी है। गाँवों में भी अब पारंपरिक गीतों और नृत्यों की जगह फिल्मी या फ्यूज़न रूप अधिक लोकप्रिय हो रहे हैं। जब परंपरा की जड़ें ही कमजोर हो जाएँगी, तो ऊपर का चमकीला ढांचा कितने दिन टिकेगा?

तो क्या समाधान है? क्या बाज़ार से पूरी तरह मुंह मोड़ लिया जाए? शायद नहीं। आज के समय में यह न तो संभव है, न ही व्यावहारिक। लेकिन यह जरूर जरूरी है कि बाज़ार को ही अंतिम निर्णायक न बनने दिया जाए। लोक संस्कृति का संरक्षण केवल 'डिमांड और सप्लाई' का मामला नहीं हो सकता; यह एक सामाजिक और सांस्कृतिक ज़िम्मेदारी है। इसके लिए समुदायों को केंद्र में रखना होगा, कलाकारों को केवल 'परफॉर्मर' नहीं, 'परंपरा के वाहक' के रूप में देखना होगा, और नीतियों को अल्पकालिक प्रदर्शन से आगे बढ़कर दीर्घकालिक संरक्षण की दिशा में ले जाना होगा। एक ज़रूरी काम यह किया जाना चाहिए कि लोक संस्कृति के मूल स्वरूप को संरक्षित करने के हर संभव प्रयास हो और उसका प्रामाणिक डॉक्यूमेंटेशन हो ताकि ज़रूरत पड़ने पर उसस संदर्भ के रूप में काम लिया जा सके। इस तरह का काम बहुत सावधानी और समझ की अपेक्षा रखता है। लेकिन यह किया ही जाना चाहिए।

आखिरकार, सवाल यह नहीं है कि लोक संस्कृति बदल रही है-परिवर्तन तो स्वाभाविक है। असली सवाल यह है कि क्या यह परिवर्तन भीतर से आ रहा है, या बाहर से बाज़ार की मांग के अनुसार थोपा जा रहा है? अगर राजस्थान की लोक संस्कृति केवल बाज़ार की शर्तों पर जीवित रहती है, तो वह जीवित दिखते हुए भी भीतर से मृत हो जाएगी। उसे बचाना है, तो उसे उसके अपने लोगों, उसकी अपनी जमीन और उसकी अपनी संवेदना के साथ फिर से जोड़ना होगा-वरना एक दिन हम पाएंगे कि हमारे पास रंग-बिरंगे 'शो' तो हैं, लेकिन उनके पीछे की आत्मा कहीं खो चुकी है।

**–अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# क्या राजस्थान में बी.एड की डिग्री अब सिर्फ़ रद्दी का टुकड़ा है ?



**प्रोफेसर अशोक कुमार**

राजस्थान में बी.एड. या बैचलर ऑफ एजुकेशन की स्थिति वर्तमान में एक क्रांतिकारी बदलाव और गंभीर संकट के चौराहे पर खड़ी है। जहाँ एक ओर राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत भविष्य के शिक्षकों को और अधिक दक्ष बनाने की तैयारी है, वहीं दूसरी ओर राज्य के सैकड़ों महाविद्यालय बंद होने की कगार पर हैं।

1. प्रवेश परीक्षाओं के आंकड़ों में भारी गिरावट : राजस्थान में बी.एड. या बैचलर ऑफ एजुकेशन करने का क्रेज पिछले दो वर्षों में आश्चर्यजनक रूप से गिरा है। राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षा प्री-टीचर एजुकेशन टेस्ट (पीटीईटी) के आंकड़े इसकी पुष्टि करते हैं।

छात्रों की घटती संख्या: वर्ष 2023 में जहाँ लगभग 5.21 लाख छात्रों ने आवेदन किया था, वहीं 2025 में यह संख्या घटकर मात्र 2.73 लाख के आसपास रह गई। 2026 के सत्र के लिए भी आवेदन प्रक्रिया (वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा द्वारा संचालित) जारी है, लेकिन प्रारंभिक रुझान बताते हैं कि अब छात्र शिक्षण को अंतिम विकल्प के रूप में देख रहे हैं।

खाली सीटें: राजस्थान के लगभग 950 से अधिक बी.एड. या बैचलर ऑफ एजुकेशन कॉलेजों में कुल सीटें करीब 1.05 लाख हैं। पिछले सत्र में कई दौर की काउंसलिंग के बाद भी लगभग 15,000 से 20,000 सीटें खाली रह गईं, जो निजी कॉलेज संचालकों के लिए खतरे की घंटी है।

2. 700 महाविद्यालयों पर बंद होने का संकट : अक्टूबर 2025 में आई रिपोर्ट्स के अनुसार, राजस्थान के लगभग 700 बी.एड. कॉलेज बंद होने की स्थिति में हैं। इसके पीछे मुख्य कारण नेशनल काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन - राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के नए नियम और राज्य सरकार की नीतियां हैं:

बहु-विषयक संस्थान की शर्त: राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार, 2030 तक केवल वही संस्थान बी.एड. करा पाएंगे जो बहु-विषयक होंगे (जहाँ कला, विज्ञान, वाणिज्य आदि के अन्य कोर्स भी चलते हों)। राजस्थान के अधिकांश कॉलेज स्टैंडअलोन (केवल बी.एड. कराने वाले) हैं।

अनापत्ति प्रमाण पत्र का मुद्दा: राज्य सरकार ने नए शैक्षिणक कॉलेज खोलने या मौजूदा बी.एड. कॉलेजों को सामान्य कॉलेजों में बदलने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र देने पर फिलहाल कड़ाई कर रखी है। यदि ये कॉलेज 2030 तक खुद को अपग्रेड नहीं करते, तो इनकी मान्यता स्वतः समाप्त हो जाएगी।

3. सुप्रीम कोर्ट का फैसला: बी.एड. बीएसटीसी (बेसिक स्कूल टीचिंग सर्टिफिकेट) विवाद

राजस्थान के छात्रों के लिए सबसे बड़ा झटका 11 अगस्त 2023 को आया सुप्रीम कोर्ट का फैसला रहा। इस फैसले ने राज्य के लाखों बी.एड अभ्यर्थियों के सपनों को प्रभावित किया।

प्राथमिक भर्ती से बाहर: कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया कि बी.एड . धारक अब कक्षा 1 से 5 (लेवल 1) के शिक्षक नहीं बन पाएंगे। राजस्थान में प्राथमिक शिक्षकों के पद सबसे अधिक संख्या में आते हैं।

सीमित अवसर: अब बी.एड डिग्री केवल ग्रेड-2 (वरिष्ठ अध्यापक) और ग्रेड-3, लेवल 2, तक ही सीमित रह गई है। इस कारण छात्रों ने बी.एड . के बजाय बीएसटीसी (बेसिक स्कूल टीचिंग सर्टिफिकेट), डी.एल.एड. की ओर रुख करना शुरू कर दिया है।

4. कोर्स की अवधि में बदलाव और असमंजस : वर्तमान में राजस्थान में तीन तरह के बी.एड मॉडल पर चर्चा हो रही है, जिससे छात्र भ्रमित हैं:–

2-वर्षीय बी.एड : यह वर्तमान में चल रहा है, लेकिन चर्चा है कि 2030 के बाद इसे धीरे-धीरे बंद कर दिया जाएगा। 2026 के सत्र के लिए वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा इसके आवेदन ले रहा है।

4-वर्षीय इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम , राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार 12वीं के बाद सीधे बी.एड. (बीए-बीएड और बीएससी-बीएड) को भविष्य का मानक माना जा रहा है। जोधपुर जैसे संस्थानों ने भी कोर्स शुरू कर दिया है।

1-वर्षीय बी.एड . (प्रस्तावित): नेशनल काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन ने सत्र 2026-27 से मास्टर डिग्री धारकों के लिए 1-वर्षीय बी.एड। दोबारा शुरू करने का ड्राफ्ट तैयार किया है। छात्र इस छोटे कोर्स के इंतजार में 2-वर्षीय कोर्स में प्रवेश नहीं ले रहे हैं।

5. राजस्थान में बेरोजगारी और पेपर लीक का मनोवैज्ञानिक असर

राजस्थान में पिछले कुछ वर्षों में शिक्षक भर्तियों (राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा और वरिष्ठ अध्यापक) में हुए पेपर लीक और भर्ती परीक्षाओं के समय पर न होने से युवाओं का सिस्टम से भरोसा उठा है।

आर्थिक बोझ: निजी कॉलेजों की फीस लगभग 27,000 रुपये प्रति वर्ष है, इसके अलावा डोनेशन और अन्य खर्चे मिलाकर छात्र का बजट 1 लाख रुपये पार कर जाता है। भर्ती की अनिश्चितता को देखते हुए छात्र यह जोखिम नहीं उठाना चाहते।

गुणवत्ता का अभाव: राजस्थान के कई कॉलेज "बिना उपस्थिति वाला" मोड पर चल रहे हैं। बिना प्रैक्टिकल ट्रेनिंग के छात्र डिग्री तो ले लेते हैं, लेकिन शिक्षक भर्ती परीक्षाओं को पास नहीं कर पाते।

भविष्य की तस्वीर: आगे क्या होगा?

महाविद्यालय केवल बड़े और बहु-विषयक कॉलेज ही बचेंगे। छोटे शहरों के स्टैंडअलोन कॉलेज बंद हो जाएंगे। डिजिटल टीचिंग और ब्लेंडेड लर्निंग अनिवार्य होगी। भविष्य के शिक्षकों को और टेक-टूल्स का ज्ञान होना जरूरी होगा। सरकारी नौकरियों में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी, लेकिन निजी क्षेत्र में केवल कुशल शिक्षकों की भारी मांग रहेगी।

निष्कर्ष- राजस्थान में बी.एड . का भविष्य अंधकारमय नहीं है, बल्कि यह 'परिवर्तन' के दौर में है। जो कॉलेज खुद को आधुनिक तकनीक और सरकारी मानकों के अनुसार ढाल लेंगे, वे टिके रहेंगे। छात्रों को भी यह समझना होगा कि अब केवल डिग्री पर्याप्त नहीं है; उन्हें खुद को कक्षा 9-12 के लिए विषय विशेषज्ञ के रूप में तैयार करना होगा।

**–प्रोफेसर अशोक कुमार,**
**पूर्व कुलपति कानपुर,**
**गोरखपुर विश्वविद्यालय**

# भरतपुर बना सौर ऊर्जा का उभरता मॉडल, सैकड़ों घरों का बिजली बिल शून्य

## पीएम सूर्य घर व कुसुम योजना से बदली तस्वीर



**संतोष कुमार मीना**

राजस्थान में ऊर्जा आत्मनिर्भरता और हरित विकास की दिशा में भरतपुर जिला तेजी से नई पहचान बना रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेशभर में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए चलाया जा रहा अभियान अब जमीनी स्तर पर प्रभाव दिखाने लगा है। सरकारी और निजी भवनों की छतों पर सोलर प्लांट स्थापित किए जा रहे हैं, जिससे न केवल बिजली बिलों में भारी कमी आई है बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी ठोस कदम उठे हैं।

**21 मेगावाट रूफटॉप सोलर का लक्ष्य, तेजी से बढ़ता काम :-** जिले में 21 मेगावाट क्षमता के रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसे 10, 5 और 6 मेगावाट के तीन चरणों में बांटकर विभिन्न एजेंसियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रशासन द्वारा निरंतर मॉनिटरिंग के चलते कार्य गति पकड़ रहा है। भरतपुर मुख्यालय के साथ नदबई, वैर, उच्चैन, बयाना, रूपवास और छौंकरवाड़ा क्षेत्रों में 1928 सरकारी भवनों की पहचान की गई है। इनमें से अब तक 20 भवनों पर 0.84 मेगावाट क्षमता के सोलर संयंत्र स्थापित हो चुके हैं, जबकि 60 भवनों पर कार्य प्रगति पर है।

**पीएम कुसुम योजना किसानों के लिए वरदान :-** प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत भी भरतपुर में सौर ऊर्जा का विस्तार तेजी से हो रहा है। जिले में अब तक 5 सोलर प्लांट स्थापित किए जा चुके हैं जिसमें बयाना के ब्रह्मबाद में 2, नदबई के बरौलीछार में 1 तथा वैर के धरसोनी और पथेना में 1-1 प्लांट लगाए गए हैं। कुसुम-बी योजना के तहत वर्ष 2024-25 में 52 कनेक्शन जारी किए गए, जबकि 2025-26 में 19 नए कनेक्शनों की प्रक्रिया जारी है। यह योजना किसानों को सौर ऊर्जा से जोड़ते हुए सिंचाई लागत को कम करने और आय बढ़ाने में सहायक बन रही है।

**पीएम सूर्य घर योजना 1397 घरों में आई रोशनी :-** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना ने आमजन के जीवन में बड़ा बदलाव लाया है। जिले में अब तक 1397 घरों का बिजली बिल शून्य हो चुका है। छतों पर लगे सोलर पैनल न केवल बिजली की जरूरत पूरी कर रहे हैं, बल्कि अतिरिक्त बिजली उत्पादन की संभावनाएं भी बढ़ा रहे हैं। आसान और किफायती सोलर सिस्टम

सरकार ने सोलर सिस्टम को आमजन के लिए सरल और सुलभ बनाया है। 3 किलोवाट तक के सिस्टम पर 40-60 प्रतिशत तक सब्सिडी मात्र 6 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण सुविधा प्रदान की जा रही हैं, जिसके तहत 1 किलोवाट पर 30 हजार रूपये, 2 किलोवाट पर 60 हजार रूपये और 3 किलोवाट या अधिक पर 78 हजार रूपये तक सब्सिडी इन प्रोत्साहनों के कारण आम लोग तेजी से सौर ऊर्जा की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

**हरित भविष्य की ओर बढ़ता भरतपुर : -**भरतपुर अब सौर ऊर्जा के क्षेत्र में एक मॉडल जिले के रूप में उभर रहा है। यह पहल न केवल बिजली बिलों को शून्य करने में मददगार साबित हो रही है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा आत्मनिर्भरता को भी नई दिशा दे रही है। आने वाले समय में भरतपुर का यह मॉडल पूरे राजस्थान के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगा और हरित ऊर्जा क्रांति को नई गति देगा।

**संतोष कुमार मीना**
**पीआरओ, भरतपुर।**

# श्रीगंगानगर के ग्रामीण इलाकों में तेज बारिश हुई

**■ मौसम विभाग ने श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिले में बारिश के साथ ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की**

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। जिले में मौसम ने अचानक करवट ली है। वेस्टर्न डिस्टरबेंस के सक्रिय होने से रविवार सुबह कई ग्रामीण इलाकों में तेज बारिश हुई, जिससे तापमान में गिरावट आई और मौसम सुहावना हो गया। मौसम विभाग ने जिले में बारिश के साथ ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया है। वहीं विशेषज्ञों का अनुमान है कि इस बार अप्रैल महीने में भीषण गर्मी से राहत मिल सकती है।

राजस्थान में वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय होने के चलते श्रीगंगानगर और आसपास के क्षेत्रों में मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिला। रविवार सुबह से ही बादल छाए रहे और कई ग्रामीण इलाकों में तेज बारिश दर्ज की गई। इसके साथ ही धूल भरी आंधी और ठंडी हवाओं ने वातावरण को ठंडा कर दिया। मौसम विभाग ने श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिले में बारिश के साथ ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की है। विभाग के अनुसार, इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं, जिससे जनजीवन प्रभावित होने की संभावना है। रविवार सुबह श्रीगंगानगर, सादुलशहर, लालगढ़ जाटान, चूनावढ़ और आसपास के क्षेत्रों में बारिश हुई। अचानक बदले मौसम के कारण लोगों को गर्मी से राहत मिली, वहीं किसानों के लिए भी यह बारिश फायदेमंद मानी जा रही है।

मौसम राडार स्टेशन, श्रीगंगानगर पर रविवार सुबह न्यूनतम तापमान 20.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे पहले शनिवार को न्यूनतम तापमान 18.5 डिग्री और अधिकतम तापमान 35.4 डिग्री रहा, जबकि शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 19.7 डिग्री और अधिकतम 33 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था। लगातार हो रहे बदलाव से साफ है कि मौसम में ठंडक बनी हुई है। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि इस बार अप्रैल महीने में भीषण गर्मी नहीं पड़ेगी। वेस्टर्न डिस्टरबेंस के लगातार सक्रिय रहने से तापमान नियंत्रित रहेगा और लोगों को गर्मी से राहत मिल सकती है।

# डीआरएम ने जोधपुर-समदड़ी रेलखंड का निरीक्षण किया

**■ डीआरएम ने ट्रैक, सिग्नलिंग, लेवल क्रॉसिंग एवं परिचालन व्यवस्थायें जांची और रेलवे द्वारा निर्धारित सुरक्षा एवं संरक्षा मानकों के अनुपालन की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए**


**जोधपुर,** (कासं)। उत्तर-पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने जोधपुर-समदड़ी रेलखंड पर गाड़ी संख्या 14887, ऋषिकेश-बाड़मेर एक्सप्रेस के लोकोमोटिव से फुटप्लेट निरीक्षण कर ट्रैक, सिग्नलिंग, लेवल क्रॉसिंग एवं परिचालन व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रेलवे द्वारा निर्धारित सुरक्षा एवं संरक्षा मानकों के अनुपालन की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने रेल पटरियों की गुणवत्ता, जॉइंट्स एवं फिटिंग्स की स्थिति, सिग्नलिंग सिस्टम की कार्यक्षमता और विश्वसनीयता, स्टेशनों के बीच ट्रैक की साफ-सफाई साथ ही लेवल क्रॉसिंग पर तैनात सुरक्षा प्रबंधों का सुक्ष्मता से अवलोकन किया। उन्होंने यह सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया कि सभी व्यवस्थाएं निर्धारित सुरक्षा प्रोटोकॉल, मानक संचालन प्रक्रियाओं तथा संरक्षा दिशानिर्देशों के अनुरूप संचालित हों। इसके अलावा उन्होंने ट्रेन संचालन के दौरान सतर्कता, समयबद्धता तथा आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों की भी समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान क्रू मेंबर्स के साथ संवाद कर परिचालन से जुड़ी व्यवहारिक चुनौतियों की जानकारी ली और आवश्यक सुधारात्मक कदमों पर चर्चा की। इस दौरान पाई गई खामियों को तत्काल प्रभाव से दूर करने के निर्देश दिए गए।

डीआरएम ने स्पष्ट किया कि सुरक्षा एवं संरक्षा मानकों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा नियमित मॉनिटरिंग और निरीक्षण के माध्यम से इन मानकों को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा, ताकि रेल संचालन सुरक्षित, संरक्षित एवं सुचारु रूप से जारी रह सके।

अनुराग त्रिपाठी, डीआरएम, जोधपुर मंडल का कहना है कि यात्रियों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। जोधपुर-समदड़ी रेलखंड पर सभी सुरक्षा एवं संरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जा रहा है। जहां भी कमियां पाई जाती हैं, उन्हें तुरंत दूर कर सुरक्षित एवं सुचारु रेल संचालन बनाए रखा जाता है।

## राशिफल



**पंडित अनिल शर्मा**

**सोमवार 30 मार्च, 2026**

चैत्र मास, शुक्ल पक्ष, द्वादशी तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2083, मघा नक्षत्र दिन 2:48 तक, शूल योग सायं 4:51 तक, बालव करण प्रातः 7:10 तक, चन्द्रमा आज सिंह राशि में संचार करेगा। **ग्रह स्थितिः** सूर्य-मीन, चन्द्रमा-सिंह, मंगल-कुम्भ, बुध-कुम्भ, गुरू-मिथुन, शुक्र-मेष, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह राशि में।

आज रवियोग दिन 2:48 तक है। आज सोम प्रदोष व्रत, अनंग त्रयोदशी, श्री महावीर जयन्ती, मदन द्वादशी, विष्णु दमनोत्सव है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 7:56 तक, शुभ 9:28 से 11:00 तक, चर 2:03 से 3:35 तक, लाभ-अमृत 3:35 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 6:24, सूर्यास्त 6:39

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक यात्रा संभव है।

**वृष**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।

**मिथुन**
आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है। धन हानि का भय है। अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा।

**कर्क**
आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है। धन हानि का भय है। अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा।

**सिंह**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आज अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**कन्या**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।

**तुला**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। व्यावसायिक परेशानियां अभी यथावत बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

**वृश्चिक**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा, उत्सव जैसा माहौल रहेगा। धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**धनु**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मकर**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक कार्य के लिए यात्रा संभव है। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कुंभ**
घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

# अपहरण करने के बाद युवक से मारपीट, उपचार के दौरान मौत

**भीनमाल**, (निसं)। जालोर जिले के भीनमाल थाना क्षेत्र के निकटवर्ती गांव भागल सेफ्टा गांव में शनिवार देर रात एक युवक के अपहरण और बेरहमी से मारपीट के बाद मौत का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मृतक की पहचान वागसिंह पुत्र भंवरसिंह राजपूत के रूप में हुई है। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है।

परिजनों के अनुसार, आरोपियों ने पहले वागसिंह को किसी बहाने घर पर बुलाया और फिर जबरन उसे उठाकर अपने घर ले गए, जहां कथित रूप से बंधक बनाकर उसकी जमकर पिटाई की गई। प्रत्यक्षदर्शी छतरसिंह द्वारा सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे। उनका आरोप है कि युवक को अमानवीय तरीके से प्रताड़ित किया जा रहा था और विरोध करने पर उन्हें धमकाया गया। सूचना पर भीनमाल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को आरोपियों के चंगुल से मुक्त कर अस्पताल पहुंचाया। हालांकि गंभीर चोटों के चलते उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। शव को भीनमाल उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमार्टम के लाया गया जहां से पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

मृतक के पिता भंवरसिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए जैसाराम, उसकी पत्नी डाई देवी, पुत्र सुरेश कुमार, प्रवीण कुमार, पुत्री मैकी सहित अन्य के खिलाफ अपहरण, बंधक बनाकर मारपीट और हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि पुरानी रंजिश और जमीन विवाद के चलते इस वारदात को अंजाम दिया गया। थानाधिकारी राजेंद्रसिंह राजपुरोहित पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे और मुख्य आरोपी जैसाराम व उसके पुत्र को हिरासत में लिया है। पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुटी हुई है। प्रारंभिक जांच में आपसी रंजिश और भूमि विवाद की बात सामने आई है।

## विश्व आयुर्वेद परिषद् की राष्ट्रीय बैठक हुई

**जोधपुर**, (कासं)। विश्व आयुर्वेद परिषद की दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक एवं चिंतन शिविर का आयोजन जोधपुर के सुदर्शन सेवा संस्थान में हुआ। इस अवसर पर देशभर से आए आयुर्वेद विशेषज्ञों और संगठन के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए आरोग्य भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ. अशोक वार्ष्णेय ने कहा कि देश की स्वास्थ्य संबंधी अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए आयुर्वेद में व्यापक सहयोग और समन्वय की आवश्यकता है। उन्होंने विभिन्न चिकित्सा पद्धितयों और संस्थानों के बीच तालमेल बढ़ाने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि आयुष मंत्रालय के गठन के बाद प्रशासनिक स्तर पर आयुर्वेद के प्रति रुचि बढ़ी है, जिससे इस क्षेत्र को नई दिशा मिली है। वहीं डब्ल्यू एच ओ के ग्लोबल समिट के बाद आयुर्वेद के वैश्वीकरण में भी तेजी आई है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक विजयानंद, विश्व आयुर्वेद परिषद राष्ट्रीय संगठन सचिव डॉ. योगेशचंद्र मिश्र, राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो. गोविंद सहाय शुक्ल, राष्ट्रीय महासचिव डॉ. सुरेंद्र चौधरी, संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. दिनेश कुमार, आरोग्य भारती के संगठन मंत्री संजीवन कुमार एवं प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राकेश शर्मा विशिष्ट अतिथी रहे।

कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने आयुर्वेद शिक्षा, अनुसंधान, औषध निर्माण, डिजिटल हेल्थ और वैश्विक सहयोग जैसे विषयों पर अपने विचार साझा किए। चिंतन शिविर के अन्य सत्रों में आगामी वर्ष की कार्ययोजना तैयार की गई। इससे आयुर्वेद को जन-जन तक पहुंचाने और वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित करने का मार्ग प्रशस्त होगा। यह जानकारी परिषद के मीडिया प्रभारी डॉ दिनेश कुमार शर्मा ने दी।

# जालोर जिला ओलम्पिक संघ का नया संविधान मंजूर

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिला ओलम्पिक संघ की वार्षिक आम बैठक में संविधान में बडे संशोधन सर्वसम्मति से पारित किए गए ये संशोधन भारतीय ओलम्पिक संघ एवं राजस्थान राज्य ओलम्पिक संघ की गाइडलाइन के अनुसार किए गए चुनाव प्र या चुनाव अधिकारी प्रभूदान राव (सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी) की देखरेख में निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न हुई। जबकि पाली जिला ओलम्पिक संघ के महासचिव राजेश पटनेचा पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे।

अध्यक्ष प्रकाश विश्नोई वरिष्ठ उपाध्यक्ष मून सिंह राठौड उपाध्यक्ष मदन सिंह राठौड, हरि राम डारा, अन्तेश कंवर, मंजुला बेन, महासचिव लाल सिंह सांखला, संयुक्त सचिव हिम्मत सिंह सोलंकी, शैलेन्द्र सिंह सांखला, रेनू कंवर, यामिनी चौहान, कोषाध्यक्ष जीतेन्द्र सिंह सांखला, कार्यकारिणी सदस्य शैतान सिंह गहलोत, अर्जुन सिंह सिंदल, मनोहर राणा, स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ आउटस्टैंडिंग मेरिट किशोर सिंह दहिया, भावना कुमारी, एथलीट्स कमीशन उदय सिंह चौहान, प्रभावती इन्दा निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। संघ राजस्थान राज्य ओलम्पिक संघ का हिस्सा रहेगा और ओलम्पिक चार्टर, एंटी-डोपिंग कोड तथा आई ओ ए के निर्णयों का पालन करेगा। जिला स्तर पर शांति, महिला खेलों को प्रोत्साहन और पर्यावरण-जिम्मेदारी को प्राथमिकता दी जाएगी महिला प्रतिनिधित्व उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव एवं कार्यकारिणी सदस्य पदों में 50 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू जिला स्तरीय खेल संघों की सदस्यता शुल्क 500; उत्कृष्ट खिलाडयों को शुल्क से छूट, 31 अगस्त के बाद सौ प्रतिमाह पेनल्टी, 30 सितंबर तक भुगतान न करने पर सदस्यता समाप्त। चुनाव प्रत्येक चार वर्ष में आयोजित किए जाएंगे एथलीट आयोग, मध्यस्थता आयोग, विवाद आयोग और आंतरिक शिकायत आयोग (आई सी सी) का गठन किया गया है, सभी जिला खेल संघों को 30 सितंबर तक वार्षिक रिपोर्ट, ऑडिटेड खाते, संविधान की प्रति, क्लबों व उनके पदाधिकारियों के रिकॉर्ड तथा वित्तीय वर्ष समाप्ति के छह महीने के भीतर अगले वर्ष का कैलेंडर जमा कराना अनिवार्य होगा; तभी संबद्धता दी जाएगी, जालोर जिला ओलम्पिक संघ से संबद्ध किसी भी जिला खेल संघ का कोई भी पदाधिकारी एक साथ अन्य खेल संघ में पदाधिकारी नहीं रह सकता, नवनिर्वाचित महासचिव लाल सिंह सांखला ने कहा कि संघ खिलाडियों के हित, पारदर्शिता और खेल विकास को ध्यान में रखकर कार्य करेगा संविधान में संशोधन तथा चुनाव प्रक्रिया में सहयोग करने पर राजस्थान राज्य ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष तेजस्वी सिंह गहलोत का आभार व्यक्त किया गया।

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की जिला बैठक आयोजित

**जोधपुर**, (कासं)। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान (विद्यालय शिक्षा) जिला जोधपुर की एक महत्वपूर्ण जिला स्तरीय बैठक रविवार को पीपा क्षित्रय समाज संस्थान सुभाष चौंक, रातानाडा जोधपुर में आयोजित की गई।

जिलाध्यक्ष भरतसिंह चौधरी और जिला मंत्री सुभाष विश्नोई ने बताया कि इस बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व प्रदेश मंत्री नरेश सोलंकी, योगिता गुर्जर, लालराम भाटी, सहीराम बिश्नोई अनिला सोलंकी, उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती और भारत माता के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

बैठक में संगठन की मजबूती और शिक्षकों के हितों को लेकर 7 प्रमुख बिंदुओं पर गहन चर्चा की गई। साथ ही गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गई। सत्र 2026-27 के लिए सदस्यता का लक्ष्य निर्धारित कर रणनीति बनाई गई।खण्ड स्तर पर संकुल के कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण पर विस्तार से चर्चा की गई।संगठन की पहुंच बढ़ाने हेतु पदाधिकारियों के प्रवास कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई।

हाल ही में आयोजित नवसंवत्सर कार्यक्रम की समीक्षा की गई। साथ ही शिक्षकों की लंबित समस्याओं पर चर्चा कर उनके निराकरण हेतु रणनीति तैयार की गई। मुख्य वक्ता नरेश सोलंकी ने अपने संबोधन में कहा कि आज यह संगठन एक विशाल वटवृक्ष है, जिसे कार्यकर्ताओं ने विषम चुनौतियों के बीच सींचा है। कार्यकर्ताओं की एकता और ऊर्जा ही इसे और सुदृढ़ बनाएगी।

जिला साक्षरता अधिकारी लालाराम भाटी ने सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत किया और आगामी सत्र की सदस्यता पर चर्चा की। जिले के सभी खंड अध्यक्षों और मंत्रियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की गतिविधियों का प्रतिवेदन और भावी योजनाओं का खाका प्रस्तुत किया।

इस दौरान श्रवणसिंह राजपुरोहित, सरिता चौधरी, कुलदीप गोदारा, नरपतसिंह चौधरी, केसाराम इनकिया, मोहनसिंह भाटी, अचलाराम जांगू, सभी उपशाखाओं के अध्यक्ष मंत्री और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शिविर जारी

**पाली**, (नि.सं.)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला प्रशिक्षण केंद्र बजरंग बाड़ी पाली में दिनांक 24 से 30 मार्च 2026 तक यूनिट लीडर स्काउट गाइड का बेसिक ओर एडवांस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सी ओ स्काउट गोविन्द मीना ने बताया कि 07 दिवसीय प्रशिक्षण कोर्स में 44 यूनिट लीडर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

शिविर में ध्वज शिष्टाचार, प्राथमिक सहायता, यूनिट में स्काउट गाइड को लीडरशिप के अवसर प्रदान करने हेतु नवीन प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

शिविर के छठे दिवस आज प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे यूनिट लीडर ने किमगेम के माध्यम से शरीर की इंद्रियों का खेल खेलकर बालकों के लिए रूचिपूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करने के अभिनव प्रयोग ओर प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

# गांधी भवन में युवा काव्य गोष्ठी का आयोजन किया

**जोधपुर**, (का.सं.)। अंतर प्रांतीय कुमार साहित्य परिषद के तत्वावधान में युवा काव्य गोष्ठी का आयोजन गांधी भवन में किया गया।

परिषद की अध्यक्ष सुश्री गीता भट्टाचार्यऔर महामंत्री डॉ पद्मजा शर्मा ने बताया कि इस काव्य गोष्ठीमेंडॉ मनीषा डागा ने नानी का सोना गेरू, स्मृतियाँ, काश, स्त्री ज्यूँ लता शीर्षक से कविताएं सुनाई तो कुलदीप भाटीने सड़क, माँ,महँगाई,करुण सच, संवेदना, ईश्वरीय चूक,क़र्ज़ आदि कविताओं का सुंदर पाठ किया। मधुर परिहार ने मौन शिलाएं, अहा! ज़िन्दगी, वसुंधरा का गान, इस धरती पर प्रेम रहे, अरमान जोधपुरी ने औरत, तोहफ़ा, लफ़्ज़ों की जान काग़ज़ पर,उड़ान बाक़ी है, पानी की तरफ़,ग़ज़ब लगती है, कल्याण के विश्नोई ने ईश्वर, इंतज़ार,चाह,कैद कलियां,प्रेम की कीमत, समाज और सोसायटी, सहेजना,आज का युग,तुम नहीं जानती

और चंचल चौधरी'जोयस्तीने किताबें, कविताएँ और कुछ चुनिंदा शब्द,ईश्वर का पता, समझ आता है,महिंद्रा और मूमल,कब तक?,मैंने स्वीकार किया जैसी

अपनी बेहतरीन कविताओं का पाठ किया और सभी कवियों ने सुधि श्रोताओं की दाद पाई।

युवा कवियों की कविताओं पर टिप्पणी करने के लिए मंच पर मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ कवि राकेश मूथा ने कहा -कविता क्या है।इस प्रश्न का उत्तर नए कवियों से जानना उनकी काव्य प्रतिभा को संवर्धित करना है।खुशी हुई कि हर कवि का पास उत्तर मौजूद था।जैसे कल्याण विश्नोई के अनुसार कविता मन के बादलों में उपजी बिजली है।चंचल चौधरी कहती हैं जो छलक नहीं पाया आंखों से ,आंखों की कोर पेट ठहरा हुआ वही आंसुओं है कविता।अरमान जोधपुरी कहते है ग़ज़ल यानी खुद से बातें करना।

डॉ. मनीषा डागा के लिए कविता शब्दों का संयोजन भर नहीं है , गूढ़ रहस्यों की अबूझ पहेली भी नहीं है।कुलदीप सिंह भाटी कविता को मनोरंजन का नहीं मनोनयन का साधन मानते है।

गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ आलोचक और कवि डॉकौशलनाथउपाध्यायने कहा कि कविता सहृदयता की माँग करती है ,कविकर्म की ईमानदारी की माँग करती है, संवेदना की गहराई की माँग करती है। कविता में रूमानियत, भावुकता, बेचैनी, प्रेम की अभिव्यक्ति, प्रयोगशीलता के साथ ही साथ जीवन-दृष्टि का मिलाजुला रूप होता है।

इन सभी युवा कवियों की कविताओं में इनके रूप भिन्न- भिन्न रूपों में देखे जा सकते हैं। निःसंदेह कविता के लिए जिस विचार , दर्शन और जीवनानुभूति की ज़रूरत होती है वह इन कविताओं में भी देखने को मिलती है। इन युवाओं की कविताएँ अपने समय से साक्षात्कार करती हैं।

अतिथियों का स्वागत डॉ कविता शर्मा ने किया तथा धन्यवाद डॉ पद्मजा शर्मा ने दिया। कार्यक्रम का संचालन मधुर परिहार ने किया।

## 'पेट्रोल एवं डीजल का अनावश्यक भंडारण न करें'

**जालोर**, (कासं)। रसद विभाग द्वारा अपील की गई हैं कि जिले के सभी पेट्रोल एवं डीजल उपभोक्ता पेट्रोल व डीजल का अनावश्यक भंडारण न करें।

जिला रसद अधिकारी नमिता नारवाल ने बताया कि पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल एवं डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है तथा स्टॉक उपलब्ध करवाये रखने के लिए जिला प्रशासन व ऑयल मार्केटिंग कंपनी लगातार निगरानी रखे हुए हैं। पेट्रोल व डीजल उपभोक्ता अपनी वर्तमान आवश्यकता के अनुसार ही ईंधन खरीदे। किसी भी प्रकार की घबराहट या अतिरिक्त खरीददारी की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कृषि कार्य से जुड़े ग्राहकों एवं किसानों से अनुरोध किया हैं कि वे पेट्रोल व डीजल को ड्रम या अन्य खुले बर्तनों में न भरवाएँ। वे अपने ट्रैक्टर या अन्य वाहनों के टैंक में ही ईंधन भरवाएं। पेट्रोल एवं डीजल की बिक्री ड्रम, कैन अथवा खुले कंटेनर में न करें।

# ओरण संरक्षण जागरूकता यात्रा का समापन

**फलोदी**, (निसं)। कृषि एवं पारिस्थितिकी विकास संस्थान (कृपाविस) द्वारा ओरणों पर सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले पर जागरूकता-यात्रा के तीसरे दिन 11 मार्च 2026 को लूनी नदी क्षेत्र से आए यात्रियों ने सोढाकोर ओरण में यहां की ओरण समिति के साथ भ्रमण किया।

सोढाकोर में हुई सभा में कृपाविस के संस्थापक अमन सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि कृपाविस जैसलमेर जिले में पिछले आधा दशक से ओरणों के पुनरोत्थान कार्यों तथा ओरण संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए देश के सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की जिसमें ओरणों के हित में ऐतिहासिक निर्णय हुआ है, उन्होने कहा कि इस निर्णय को हर ओरण तक लागू कराना है। इनटेक जैसलमेर के विरेंद्रसिंह ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि मारवाड रत्न उपाधि प्राप्त अमन सिंह की इस याचिका पर ओरणों के संदर्भ में हुए ऐतिहासिक निर्णय जैसलमेर के ओरणों के संरक्षण के लिए एक बहुत ही बडा कदम है। इसलिए मैं अमन सिंह को धन्यवाद ज्ञापित करने आया हूं।

ओरण समिति सोढाकोर के सचिव देरावर सिंह ने यात्रियों को ओरण पुनरोत्थान के कार्यो को दिखाया तथा बताया कि कृपाविस द्वारा आईनाथ माता ओरण, सोढाकोर में तीन नए तालाबों का निर्माण तथा दो पुराने तालाबों के पुनरोत्थान के कार्य साथ ही ओरण में घासरोपण व वृक्षारोपण के कार्य हुए। सोढाकोर के बाद आज यह लूणी क्षेत्र नागौर का यात्री दल रामदेवरा ओरण पहुंचा जहां पर उन्होंने ओरण का भ्रमण एवं रामदेव बाबा के दर्शन कर संपूर्ण राजस्थान के ओरणों के बेहतर संरक्षण की कामना की। इस यात्रा के रविवार को समापन के अवसर पर सभी यात्रियों ने अपने अनुभव रखें जिसमें प्रमुखतया नारायण भारती ने अपने ओरणों के अनुभवों को रखते हुए सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय को अमल में लाने की अपील की।

कृपाविस की निदेशक प्रतिभा सिसोदिया ने कहा की कृपाविस संपूर्ण राजस्थान में ओरणों के सर्वे, जी. आई. एस. मैपिंग तथा पुनरोत्थान के कार्यों में पिछले तीन दशक से लगी हुई है लेकिन अभी यह कार्य काफी बाकी है। यात्रा में चैनाराम गुर्जर, कैलाश, हरदेव राम, जितेन्द्र सैन, रूखसाना बानो, सुमित्रा देवी, रामेश्वरी आदि, साथ ही कृपाविस टीम से मनीष कश्यप, सुरेश कुमार, रामावतार शर्मा भी यात्रा में सम्मिलित रहे। साथ ही कृपाविस द्वारा निर्मित ओरण - फिल्म भी यात्रियों व ओरण प्रहरियों को दिखाई गई।

## मन की बात सुनी

**जालोर**, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व एवं जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित के निर्देशानुसार 'मन की बात' कार्यक्रम के 132वें एपिसोड का जिलेभर में व्यापक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन मन की बात जिला संयोजक एडवोकेट सुरेश सोलंकी के निर्देशन में हुआ। बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# खेलों में पदक मिलने पर मूक बधिरों के खिले चेहरे

**पाली**, (नि.सं.) दिव्यांग सेवा समिति पाली की ओर से आयोजित तृतीय मूक-बधिर सेमिनार में पहली बार बंदूक से निशाना लगाने और तलवार संचालन सहित विभिन्न खेलों में पहली बार पदक प्राप्त करने के बाद मूक-बधिरों के चेहरे खिल उठे।

श्री विश्वकर्मा जांगिड़ समाज भवन पाली में आयोजित सेमिनार विधायक भीमराज भाटी की अध्यक्षता समाज सेवी हिरालाल व्यास मागुसिंह दुदावत ओलम्पिक खेल एसोसिएशन के राजेश पाटनेचा एवं मोहनलाल जांगिड़ शान्तिलाल सोनी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। विधायक भीमराज भाटी ने दुभाषिया की मदद से पहली बार मूक-बधिरो से रूबरू हुए उनकी समस्याएं जानकर आश्चर्य चकित होते हुए समिति और मूक-बधिरो की हर सम्भव सहायता का आश्वासन दिया। जिसको सुनकर मूक-बधिरो ने हाथ खडे करके अंगुलियां हिलाकर खुशी व्यक्त की।

मंत्री घेवरचन्द आर्य ने बताया कि सेमिनार में आर्य वीर दल कमाण्डों भरत कुमावत ने बंदूक से निशाना लगाने तलवार संचालन और जिम्नास्टिक के गूर सिखाए जिसको सिखने की इच्छा से मूक-बधिरो ने उत्साह से भाग लिया। निशाना लगाने में प्रथम सोहनलाल सुथार, द्वितीय नरेश कुमार, तृतीय भवानी सिंह और जोगाराम चतुर्थ रहे। इसी प्रकार तलवार संचालन में महेंद्र मालवीय प्रथम, नरेंद्र कुमार द्वितीय, उगम टाक तृतीय, नितीन मालवीय चतुर्थ रहे। प्रथम द्वितीय तृतीय और चतुर्थ को क्रमश स्वर्ण रजत कांस्य पदक और चतुर्थ को अध्यक्ष और अतिथियों द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित कर उत्साह वर्धन किया गया। डेफ क्रिकेट में राष्ट्रीय खिलाड़ी महेंद्र मालवीय का सम्मान किया गया उनके आठाह पर पाली में डेफ क्रिकेट एसोसिएशन स्थापित करने का निर्णय लिया गया।

इसके अलावा आंखों पर पट्टी बांध कर गिलासों के उपर से निकलना, कप एवं बालुम, तास के पते क्रम वाईज ग्लास में डालना, सिर पर ग्लास रखकर दुसरे पर प्रहार करने जैसी कई खेल प्रतियोगिताएं आयोजित हुई जिसमें महिला पुरूष युवा वृद्ध सभी ने भाग लिया प्रतिभागियों को पुरस्कार स्वरूप गिफ्ट दिये गये।

## गणपत पटेल का स्वागत किया

**पाली**, (नि.सं.)। जिला पाली में एनएसयूआई के नवनियुक्त कार्यकारी जिला अध्यक्ष गणपत पटेल को बनाए जाने के बाद पूरे जिले में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। जिले भर की विभिन्न कॉलेजों से आए छात्र नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं छात्र-छात्राओं ने उनका भव्य स्वागत किया।

इस दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा फूल-मालाओं, साफा से जोरदार अभिनंदन किया गया। स्वागत मे मौजूद युवा नेताओं ने गणपत पटेल को संगठन की नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में जिले में नई ऊंचाइयों को छुएगी और छात्र हितों के मुद्दों को मजबूती से उठाया जाएगा। इस अवसर पर जिले के जिलाध्यक्ष शिशुपाल सिंह राजपुरोहित, पाली विधायक भीमराज भाटी, सुमेरपुर के हरिशंकर मेवाड़ा, कांठोस नेता यशपाल सिंह कुम्पावात, डिम्पल राठौड़ सहित कई जनों ने खुशी जताई।

## बैठक आयोजित

**जालोर**, (कासं)। जालोर प्रजापत छात्रावास में स्थित श्रीयादे सेवा संस्थान के कार्यालय में संस्थान कार्यकारिणी की बैठक रविवार को संस्थान अध्यक्ष नरपतलाल आर्य की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

संस्थान सचिव किशोर देवडा ने बताया कि आगामी 19 अप्रैल अक्षया तृतीया को संस्थान द्वारा आयोजित तेरहवे सामूहिक विवाह में कुल बारह जोडो का पंजीयन किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी का नियमानुसार पंजीयन कर अब पत्रिका प्रकाशन का कार्य प्रगति पर है। बारह जोडो हेतु समाज बंधुओ द्वारा दिये जाने वाली कन्यादान सामग्री का उल्लेख भी पत्रिका में किया जाएगा साथ ही सामूहिक विवाह में सहयोग देने वाले भामाशाहों व विज्ञापन सहयोगियों के सचित्र नाम प्रकाशित किए जायेंगा। कन्यादान सामग्री देने में समाज बंधु उत्सुक नजर आ रहे है। सामूहिक विवाह से जुडी सभी व्यवस्थाओं को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है।

# एम.डी.एम. में मिली नई आधुनिक मशीनों की सौगात

**जोधपुर**, (कासं)। मथुरादास माथुर (एमडीएम) अस्पताल के फिजियोथैरेपी विभाग को आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के क्षेत्र में बड़ी सौगात मिली है। विभाग को हाल ही में कई अत्याधुनिक एडवांस मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं,

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. बी. एस. जोधा के मार्गदर्शन मे अस्पताल अधीक्षक डॉ. विकास राजपुरोहित ने राज्य सरकार एवं कॉलेज प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विभाग को मिली ये आधुनिक सुविधाएं मरीजों के उपचार, सुरक्षा और बेहतर चिकित्सा सेवाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होंगी। कार्यक्रम के दौरान गवर्नमेंट फिजियोथैरेपी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ गोविंद सिंह, डॉ के सी मीना एवं डॉ निखिल चौधरी फिजियोथैरेपी विभाग प्रभारी डॉ सुमित गहलोत, डॉ अर्नब, डॉ मनीष, डॉ स्नेहप्रिया एवं डॉ स्मिता उपस्थित रहे।

फिजियोथैरेपी विभाग प्रभारी ने सभी आधुनिक मशीनों के बारे मैं विस्तार से बताया जिसमें रोबोटिक स्पाइनल डिकंप्रेशन जिससे कमर दर्द, गर्दन दर्द, स्लिप डिस्क का इलाज ओर बेहतर तरीके से होगा, शॉक वेव थेरेपी द्वारा विभिन्न बीमारियाँ जेसे टेनिस एल्बो, फ्रोज़न शोल्डर, एड़ी का दर्द, प्लांटर फेसिअटिस का आधुनिक इलाज सम्भव होगा, एडवांस पोस्चर या गायट एनालिसिस द्वारा शारीरिक बनावट मैं विकार जेसे स्कोलियोसिस कायफोसिस फ्लैट फुट, घुटनों मैं घुमाव आदि की जांच होगी, मेयो पल्स एन ई एम एस स्टीमूलेशन द्वारा मांसपेशियों मैं चोट के बाद आयी कमजोरी से रिकवरी मैं मदद मिलेगी, ऑटोमैटिक शोल्डर एवं एल्बो मोबाइलाइजर द्वारा कंधों एवं कोहनी मैं चोट के बाद आयी अकड़न से निजात मिलेगा और ऑटोमैटिक सी पी एम द्वारा घुटनों मैं चोट एवं सर्जरी के बाद आयी जकड़न का इलाज में उपयोगी साबित होंगी। अस्पताल प्रशासन के अनुसार ये पूर्णतः डिजिटल एवं आधुनिक तकनीक से लैस मशीनें युवाओ से लेकर सभी आयु वर्ग के मरीजों को सुरक्षित, सटीक और बेहतर इलाज प्रदान करने में सहायक होंगी। इनसे सभी प्रकार के जटिल एवं पुराने नए दर्द और जकड़न से मरीजों को उपचार की गुणवत्ता में भी उल्लेखनीय सुधार आएगा।



# अजमेर : श्रद्धालुओं की ईको वैन खाई में पलटी, एक की मौत, पांच घायल

## मांगलियावास के तबीजी हाइवे पर राधा स्वामी सत्संग स्थल के निकट हुआ हादसा

**अजमेर/मांगलियावास,** (निसं)। तबीजी हाइवे पर राधा स्वामी सत्संग स्थल के निकट रविवार शाम एक सड़क हादसे में एक श्रद्धालु की मौत हो गई, जबकि चालक सहित पांच लोग घायल हो गए। घायलों में से दो की हालत गंभीर बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार रविवार शाम करीब 5.30 बजे अजमेर से ब्यावर की ओर जा रही एक ईको वैन तेज गति के कारण अनियंत्रित हो गई और सड़क से उतरकर सर्विस रोड निर्माण के लिए खोदी गई खाई में जा गिरी। खाई में गिरने के बाद वैन पास के गहरे गड्ढे से टकरा गई, जिससे उसका अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के समय वैन में सवार श्रद्धालु परिवार गुजरात से खाटूश्यामजी के दर्शन कर वापस लौट रहा था। दुर्घटना में सोहनलाल, दिग्विजय, प्रिंस, पारस, चालक सन्नी, गंगा और मेघा घायल हो गए। तीन बच्चों को मामूली चोटें आईं। सभी घायलों को तत्काल अजमेर के जवाहरलाल नेहरू अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान सोहनलाल की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही प्रशिक्षु आरपीएस डॉ. दीपेंद्र सैनी, एएसआई गोपाराम बिश्नोई सहित पुलिस टीम मौके पर पहुंची। हाइवे पेट्रोलिंग, 108 एंबुलेंस और एनएचएआई की टीम ने भी राहत कार्य में सहयोग किया। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को वैन से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाने में मदद की।


हादसे के बाद मौके पर पुलिस पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

- घायलों में से दो की हालत गंभीर, अजमेर के जवाहरलाल नेहरू अस्पताल पहुंचाया
- ईको वैन तेज गति के कारण अनियंत्रित हो गई और सड़क से उतरकर सर्विस रोड निर्माण के लिए खोदी गई खाई में जा गिरी

ग्रामीणों ने हादसे के लिए हाइवे प्राधिकरण को जिम्मेदार ठहराया है। उनका कहना है कि सर्विस रोड और पुलिया निर्माण कार्य पिछले एक महीने से चल रहा है, लेकिन सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए हैं। निर्माण स्थल पर न तो चेतावनी संकेत लगाए गए हैं और न ही बैरिकेडिंग की गई है। ग्रामीणों के अनुसार इस स्थान पर पहले भी एक दर्जन से अधिक हादसे हो चुके हैं, जिनमें कई लोग घायल हुए हैं। इसके बावजूद प्रशासन ने अब तक कोई सख्त कार्रवाई नहीं की है, जिससे लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

# खेत से लौट रहे पिता-पुत्र पर लैपर्ड ने हमला किया

## ग्रामीणों के मौके पर पहुंचकर शोर मचाने से लैपर्ड भाग गया

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर जिले के गिर्वा ब्लॉक के खजूरी गांव में शनिवार शाम को खेत के पास से बकरियां लेकर घर लौट रहे पिता-पुत्र पर लैपर्ड ने हमला कर दिया। शोर मचाने पर ग्रामीणों के मौके पर पहुंचने पर लैपर्ड भाग गया।घायल पिता-पुत्र को टीडी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद उदयपुर रेफर कर दिया, जहां उनका उपचार जारी है।

- बकरियां चराकर लौट रहे थे, तभी झाड़ियों छिपे लैपर्ड ने हमला कर दिया

जानकारी के अनुसार दोनों पिता-पुत्र खेत के पास से बकरियां लेकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान नाले के पास झाड़ियों में छिपे लैपर्ड ने पीछे से सवजी (58) पर हमला कर दिया। पीछे आ रहे बेटे कमलेश (20) के चिल्लाने पर लैपर्ड उस पर भी लपका और हमला कर दिया। इस बीच पिता-पुत्र ने अपनी जान बचाने के लिए जोर-जोर से शोर मचाया तो वहां खेतों और पास के मकानों में रहने वाले लोग भागकर आए। उन्होंने लैपर्ड को देखा तो उन्होंने भी शोर मचाया। लोगों को देखकर लैपर्ड दोनों को लहूलुहान स्थिति में वहीं छोड़कर झाड़ियों में होते हुए जंगल की तरफ भाग गया।

लैपर्ड के जाने के बाद ग्रामीण दूर से भाग कर दोनों घायलों के पास पहुंचे और वहां से दोनों को गांव के अंदर से सड़क पर लेकर आए और इस बीच एंबुलेंस को बुला लिया गया। लैपर्ड के हमले से पिता के हाथ और सीने में तो बेटे के हाथ पर चोटें आई। हाइवे से दोनों को टीडी के 108 एंबुलेंस का नर्सिंग स्टाफ प्रकाश सालवी और कांतिलाल रोत टीडी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें उदयपुर रेफर कर दिया गया। ग्रामीणों के अनुसार गांव में पहली बार लैपर्ड के हमले की घटना हुई और पिता और पुत्र की हालत देखकर गांव वालों में दहशत का माहौल है।

# गेहूं से भरा ट्रेलर पलटा, चालक घायल


दौसा पुलिया के घुमाव पर ट्रेलर संतुलन खोकर पलट गया, जिससे गेहूं की बोरिया सड़क पर फ़ैल गई।

**मनोहरपुर,** (निसं)। थाना इलाके के दौसा पुलिया के घुमाव पर गेहूं से भरा एक ट्रेलर अचानक संतुलन खोकर पलट गया। जिससे ट्रेलर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए मनोहरपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया।

- मनोहरपुर थाना इलाके के दौसा पुलिया के घुमाव पर हुआ हादसा

थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि गुजरात नंबर एक ट्रेलर एमपी से गेहूं भरकर कोटपुतली की तरफ जा रहा था। इस दौरान दौसा पुलिया के घुमाव पर अचानक संतुलन खोकर पलट गया। जिससे गेहूं की बोरिया सड़क पर फ़ैल गई। ट्रेलर का चालक धोलूराम पुत्र श्योपाल उम्र 30 साल गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले की सूचना पाकर थाना पुलिस के एएसआई जयराम यादव मय जाप्ता मौके पर पहुंचे और घायल चालक को इलाज के लिए राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भिजवाया। उसका उपचार किया का रहा है।

# उदयपुर : गोगुंदा में आबादी के पास 30 बीघा जंगल में भीषण आग लगी

## रात के समय तेज हवा के चलने से देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर के गोगुंदा थाना क्षेत्र के काछबा गांव स्थित रामेश्वर महादेव मंदिर के सामने वाली पहाड़ी पर शनिवार रात को भीषण आग लग गई, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया।

रात के समय तेज हवा के चलने से देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और करीब 30 बीघा जंगल को अपनी चपेट में ले लिया। पहाड़ी पर सूखी घास थी, जिससे आग तेजी से आगे बढ़ रही थी। आग की लपटें तेजी से फैलने के कारण आसपास के ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया। पहाड़ी से इलाके में आबादी का रहवास होने से वहां रहने वाले लोग दशहत में हो गए।

- पहाड़ी पर सूखी घास थी, जिससे आग तेजी से आगे बढ़ गई, आसपास के ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया

इस बीच ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का काम शुरू किया। सरपंच प्रतिनिधि अंबालाल की सूचना पर उदयपुर से दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची, जहां दमकलकर्मी ने आग पर काबू पाने के लिए पानी की बोछारें डाली, लेकिन पहाड़ी इलाका होने से आग तक पाइप नहीं पहुंच सके। बाद में पुलिस और गोगुंदा वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची।

देर रात आग पर कंट्रोल हुआ, लेकिन धुआं सुबह तक उठता रहा है। वहां जमा हुए ग्रामीणों का कहना है कि आग बुझाने का काम शुरू कर दिया नहीं तो आग घरों तक पहुंच सकती थी और उससे काफी नुकसान हो सकता था।

# युवक की मौत

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के सुखेर थाना क्षेत्र में युवक की अकाल मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 28 मार्च को पलासमा सायरा निवासी भैरूलाल पुत्र केसुलाल प्रजापत का शव नवरत्न में ज्ञानगढ़ रोड़ पर मिला। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने चिकित्सालय पहुंचाया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया। इस पर हैड कांस्टेबल जसवंतसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। भैरूलाल एक हाथ से विकलांग होकर विभिन्न स्थानों पर चौकीदारी किया करता था। इसी प्रकार गत दिनों नाई थाना क्षेत्र में स्टोट हाईवे उदयपुर झाड़ोल मार्ग स्टेट हाइवे पर हुए सडक हादसे में घायल बडी उन्दरी भगतफला निवासी लोकेश पुत्र बाबूलाल मीणा की एमबी चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई। नाई थाना एएसआई पर्वतसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा।

# आईपीएल मैच पर ऑनलाइन सट्टा पकड़ा, एक आरोपी गिरफ्तार


पुलिस ने नगदी, दो मोबाइल, एलईडी व सट्टे के हिसाब की डायरी जब्त की।

**निवाई,** (निसं)। डीएसटी व पुलिस निवाई थाना क्षेत्र में आईपीएल मैच के दौरान लाखों रुपये के ऑनलाइन सट्टे के कारोबार करने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिससे 22 हजार 400 रुपए, दो मोबाइल, एक एलईडी व सट्टे के हिसाब की डायरी जब्त किए हैं।

डीएसटी के उप निरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि ऑनलाइन क्रिकेट सट्टे के विरुद्ध अभियान को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल प्रसाद व पुलिस उपाधीक्षक रवि प्रकाश शर्मा के सुपरविजन में जिला स्पेशल टीम ने ऑनलाइन क्रिकेट सट्टे के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए निवाई थाना क्षेत्र में आईपीएल 2026 के बेंगलुरु बनाम हैदराबाद मैच के दौरान लाखों रुपये के ऑनलाइन सट्टे के कारोबार का भंडाफोड़ करते हुए इंदिरा कॉलोनी में देर रात दबिश देकर आरोपी रवि पारीक उर्फ जितेंद्र को गिरफ्तार किया है। जिससे 22 हजार 400 रुपये की सट्टा राशि, दो मोबाइल फोन, एक एलईडी टीवी व सट्टे के हिसाब-किताब की एक डायरी बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया गया है। टीम में हैड कानि. मो शरीफ , कानि प्रधान, शिवपाल, रुकमकेष, राधामोहन, राधाकिशन व राजेश कुमार शामिल थे।

# सट्टा लगाते आठ गिरफ्तार

**टोंक,** (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिला स्पेशल टीम ने अलीगढ़ और सोप थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग ठिकानों पर छापामारी की कार्रवाई कर सट्टा पर्ची पर संचालित जुआ खेलते आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई में आरोपियों के कब्जे से 56 हजार 780 रुपए नकद एवं सट्टा हिसाब डायरी में 22 लाख के जुए का हिसाब व मोबाइल और टीवी आदि बरामद किया है।

जिला स्पेशल टीम प्रभारी ओमप्रकाश चौधरी ने बताया कि अलीगढ़ थाना क्षेत्र के पचाला में डीएसटी कार्रवाई कर दो व्यक्तियों को सट्टा पर्ची पर जुआ खिलाते हुए मौके से गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से 47 हजार 500 कैश और मौके से बरामद डायरी में 6 लाख का हिसाब मिला। दोनों आरोपी पचाला निवासी सीताराम पुत्र हनुमान मीणा, इकबाल पुत्र शहाबुद्दीन खान को गिरफ्तार किया है। वहीं सोप थाना इलाके में कोटड़ी मोड़ पर टीम द्वारा छापामारी कर 6 व्यक्तियों के कब्जे से 9200 जुआ राशि जब्त की है। डायरियों में 16 लाख रुपए का हिसाब किताब मिला है। टीम ने नंदकिशोर, यासीन, धारा सिंह, प्रकाश बैरवा, चेतन मीणा एवं देशराज मीणा को गिरफ्तार किया है।


# सरवाड़ : दाल फैक्टरी में भीषण आग लगने से लाखों का नुकसान

## आग से बड़ी मात्रा में दाल, मशीनरी और अन्य सामग्री जल गई

**सरवाड़,** (निसं)। रीको एरिया में स्थित अरावली इंडस्ट्रीज की दाल फैक्टरी में देर रात भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। पुलिस गश्त के दौरान फैक्टरी से उठता धुआं और आग की लपटें देख तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई।

- रीको एरिया में अरावली इंडस्ट्रीज में आग लग गई थी, बड़ा हादसा टला

एएसआई नारायण लाल की तत्परता से पांच दमकल वाहनों को मौके पर बुलाया गया, जिन्होंने कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। समय रहते आग बुझा लेने से बड़ी जनहानि टल गई। फैक्टरी मालिक के अनुसार आग में बड़ी मात्रा में दाल, मशीनरी और अन्य सामग्री जलकर नष्ट हो गई, जिससे लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। घटना के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्रित हो गए थे, लेकिन प्रशासन और दमकल विभाग की सतर्कता से स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया।



दमकल वाहनों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

# नोखा : राजस्थान रोडवेज बस में यात्रियों को फर्जी टिकट थमाये

## विजिलेंस चेकिंग के दौरान बस में 10 यात्री फर्जी टिकट पर सफर करते मिले

**नोखा,** (निसं)। क्षेत्र में राजस्थान रोडवेज की बस में फर्जी टिकट से यात्रियों को यात्रा करवाने का मामला सामने आया है। विजिलेंस चेकिंग के दौरान 10 यात्री फर्जी टिकट पर सफर करते मिले। रोडवेज विभाग की रिपोर्ट पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विजिलेंस टीम को देखकर बस सारथी मशीन और किराया लेकर फरार हो गया। बीकानेर रोडवेज की मुख्य प्रबंधक इंदिरा गोदारा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

- विजिलेंस टीम को देखकर बस सारथी मशीन और किराया लेकर फरार हो गया, थाने में रिपोर्ट दर्ज
- फर्जी टिकट पर दो यात्री अजमेर से बीकानेर, छह यात्री नागौर से बीकानेर और दो यात्री मेड़ता से बीकानेर जा रहे थे

मुख्य प्रबंधक इंदिरा गोदारा ने बताया कि 28 मार्च को उन्हें सूचना मिली थी कि बस सारथी अंकित पुत्र सुभाष जयानी यात्रियों से किराया लेकर फर्जी टिकट जारी कर रहा है। इस सूचना के बाद विजिलेंस टीम ने जांच शुरू की। जांच में पता चला कि जयपुर के विद्याधर नगर डिपो से संचालित बस संख्या आरजे 14 पीएच 0293, 27 मार्च को जयपुर से अजमेर, नागौर, नोखा होते हुए बीकानेर आ रही थी। इसी दौरान बस सारथी ने यात्रियों से किराया लेकर फर्जी टिकट जारी किए। विजिलेंस टीम ने बुद्धरों की ढाणी के पास बस को रुकवाकर जांच की। इसमें 10 यात्री फर्जी टिकट पर यात्रा करते पाए गए। इनमें दो यात्री अजमेर से बीकानेर, छह यात्री नागौर से बीकानेर और दो यात्री मेड़ता से बीकानेर जा रहे थे। सभी यात्रियों से पूरा किराया वसूला गया था, लेकिन उन्हें फर्जी टिकट दिए गए थे। जांच के दौरान अधिकारियों ने बस सारथी अंकित से पूछताछ की। वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया और रोडवेज की आईटीएम मशीन तथा किराए की राशि लेकर मौके से फरार हो गया। बाद में विभाग ने अन्य डिपो से जानकारी जुटाई, जिसमें मेड़ता और नोखा रेलवे स्टेशन से जारी टिकट भी फर्जी पाए गए। नागौर के मुख्य प्रबंधक ने भी 28 मार्च को जांच में इन टिकटों के फर्जी होने की पुष्टि की।

जांच में यह भी खुलासा हुआ कि अलाय गांव निवासी बस सारथी अंकित ने फर्जी टिकट जारी कर सरकारी राजस्व का गबन किया। उसने विभाग द्वारा दी गई मशीन से सही तरीके से टिकट जारी नहीं किए। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# हाइवे पर दुर्घटनाग्रस्त कार से एक क्विंटल डोडा-चूरा जब्त

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुर थाना पुलिस और जिला विशेष टीम ने नेशनल हाइवे 48 पर एक संदिग्ध हुंडई वरना कार से 101 किलो अवैध डोडा-चूरा बरामद किया है। मामले में एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है।

- पुलिस ने मामले में एक तस्कर को गिरफ्तार किया

जानकारी के अनुसार डीएसटी के कांस्टेबल रमेश को मुखबिर से सूचना मिली कि हमीरगढ़ से मांडल की ओर जा रही एक दिल्ली पासिंग वरना कार में भारी मात्रा में मादक पदार्थ ले जाया जा रहा है। सूचना पर पुर थाना पुलिस और डीएसटी ने घेराबंदी की। पुलिस को देख तस्कर ने कार की रफ्तार बढ़ा दी, जिससे कार अनियंत्रित होकर हाथी भाटा आश्रम कट के पास हाइवे के डिवाइडर से जा टकराई। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे कार्यवाहक थानाधिकारी आयुष श्रोत्रिय और उनकी टीम ने क्षतिग्रस्त कार की तलाशी ली। कार के अंदर प्लास्टिक के कट्टों में भरा 101 किलोग्राम अवैध डोडा-चूरा पाया गया। पुलिस ने मौके से आरोपी हरदेव सिंह (39) पुत्र मानसिंह, निवासी मुबारिकपुर (अलवर) को गिरफ्तार कर लिया। कार में अवैध परिवहन के लिए कोई लाइसेंस या परमिट नहीं मिला। पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ और तस्करी में प्रयुक्त वरना कार को जब्त कर लिया है। आरोपी के खिलाफ पुर थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस अब यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि यह खेप कहां से लाई गई थी और इसे कहां सप्लाई किया जाना था।

# अफीम की अवैध खेती पकड़ी, एक गिरफ्तार

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले में नशे के सौदागरों के खिलाफ केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो ने एक बड़ी कार्रवाई की है। आसींद तहसील के झालरा गांव में पुलिस और प्रशासन को चकमा देने के लिए प्याज की फसल के बीच छिपाकर की जा रही अफीम की अवैध खेती का पर्दाफाश हुआ है। ब्यूरो की टीम ने मौके से 1098 अफीम के पौधे बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

तस्करों ने बेहद शातिराना तरीका अपनाया था। खेत में दूर से देखने पर केवल प्याज की फसल नजर आ रही थी, लेकिन जब की टीम ने धरातल पर जांच की, तो प्याज के पौधों के बीच अवैध रूप से उगाए गए अफीम के पौधे मिले। मुखबिर की सटीक सूचना पर ब्यूरो की टीम ने अचानक दबिश दी, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। के अधिकारियों के अनुसार, इस गिरफ्तारी के बाद अब आरोपी से पूछताछ की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि इस अवैध खेती के पीछे और कौन-कौन से चेहरे शामिल हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि भीलवाड़ा और आसपास के क्षेत्रों में नशे के खिलाफ यह अभियान अब और तेज होगा। इस कार्रवाई ने क्षेत्र के अन्य अवैध खेती करने वालों में भी दहशत पैदा कर दी है।

# 50 वर्षीय व्यक्ति ने खुद पर पेट्रोल डाल आग लगाई

**रामगंजमंडी,** (निसं)। सुकेत थाना क्षेत्र के जुल्मी गांव में एक 50 वर्षीय व्यक्ति ने खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। गंभीर रूप से झुलसे व्यक्ति को तुरंत झालावाड़ अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

अस्पताल चौकी से मिली जानकारी के अनुसार घायल कैलाश अपनी बुआ के निधन की सूचना पर गांव आया था और वह ड्राइवरी का काम करता है। घटना के समय उसके शराब के नशे में होने की भी बात सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि अज्ञात कारणों के चलते उसने वाहन से पेट्रोल निकालकर खुद पर डाल लिया और आग लगा ली। मौके पर मौजूद परिजनों और आसपास के लोगों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।


**उदयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान**

No.:F-2(01)Acct/Contract/2025-26/302-304 Date: 19-03-2026

**ई-निविदा सूचना संख्या : 90/2025-26**

उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यो मय डिफेक्ट लाईबिलिटी अवधि के लिये जो कि निविदा प्रपत्र में अंकित है के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| | | |
|---|---|---|
| निविदा कार्यो की कुल लागत | : | रूपये 368.69 लाख (08 कार्य) |
| ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/अपलोड करने की अवधि | : | 24-03-2026 को प्रातः 10.00 बजे से 09-04-2026 को सांयः 6.00 बजे तक |
| Online EMD, Tender Fee & Processing Fee जमा कराने की तिथी | : | 24-03-2026 को प्रातः 10.00 बजे से 09-04-2026 को सांयः 6.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथी | : | 10-04-2026 को प्रातः 11.00 बजे |

विस्तृत विवरण वेबसाईट urban.rajasthan.gov.in/uitudaipur, www.eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

UBN : ITU2526WSOB00495 TO ITU2526WSOB00502

अधिशाषी अभियन्ता-चतुर्थ
उदयपुर विकास प्राधिकरण

राज.संवाद/सी/25/23456

# ‘परिश्रम से पद मिलता है और सेवा भाव से आमजन के हृदय में स्थान’

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया नवनियुक्त लोक सेवकों से संवाद




मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को बिडला सभागार में राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाओं के नवनियुक्त लोक सेवकों से संवाद किया।

- जनता की समस्याओं को गहराई से सुनकर तत्परता से सुलझाएं : सीएम
- प्रदेश में पानी, ऊर्जा और रोजगार के क्षेत्र में हुए उल्लेखनीय कार्य : भजनलाल शर्मा
- पेपरलीक पर लगाम लगाने और समय सीमा में भर्ती के लिए मुख्यमंत्री का जताया आभार
- विभिन्न सेवाओं के नवनियुक्त लोक सेवकों ने मुख्यमंत्री से साझा किए अनुभव

**जयपुर ( कासं )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि नव नियुक्त लोक सेवक जनता की समस्याओं को सुने, गहराई से समझे और पूरी तत्परता से सुलझाएं। यही मंत्र एक सफल, सम्मानित और लोकप्रिय अधिकारी की सच्ची पहचान है। जिस विभाग में जाएं, वहां की जमीनी हकीकत को ध्यान से समझें और समाधान की दिशा में सही कदम बढ़ाएं। जनता की हर शिकायत और आवेदन का निर्धारित समय-सीमा में समाधान हो। यह लोक सेवकों का प्रमुख दायित्व भी है। शर्मा रविवार को बिडला सभागार में राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाओं के नवनियुक्त लोक सेवकों से संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि परिश्रम वह सीढ़ी है, जो पद तक तो ले जाती है किंतु सेवाभाव वह नींव है, जो लोक सेवक को आमजन के दिलों में सदा के लिए स्थाई बनाती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सबसे पहले पेयजल व सिंचाई की आवश्यकता की पूर्ति के लिए परियोजनाओं पर काम प्रारंभ किया गया, जिससे आमजन, किसान और उद्योगों की जल आवश्यकता की पूर्ति की जा सके। इसी क्रम में राम जलसेतु लिंक परियोजना, यमुना जल समझौता, इंदिरा गांधीकैनाल व गंगनहर, देवास परियोजना जैसे अनेक प्रोजेक्ट्स पर निरंतर काम किया जा रहा है।

शर्मा ने कहा कि ऊर्जा की दूसरी बड़ी आवश्यकता की पूर्ति के लिए हमारी सरकार ने केन्द्र सरकार के साथ 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू किए, जिन पर काम हो रहा है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 तक ऊर्जा के क्षेत्र में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए तेजी से काम किया जा रहा है, जिससे किसान को दिन में और आमजन व उद्योगों को भी भरपूर बिजली मिलेगी। फिलहाल 22 जिलों में किसानों को दिन में बिजली दी जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 5 साल में 4 लाख सरकारी नौकरी देने के वादे को पूरा करने के क्रम में अब तक 1.25 लाख से अधिक पदों पर युवाओं को नियुक्तियां दी जा चुकी हैं। 1 लाख 35 हजार पदों पर भर्तियां प्रक्रियाधीन हैं। वहीं, 1.25 लाख पदों पर भर्ती का कैलेण्डर भी जारी किया है।

उन्होंने कहा कि युवा नौकरी लेने वाला नहीं, बल्कि देने वाला बने, इसके लिए युवा नीति जारी की गई है। वहीं, राइजिंग राजस्थान के एमओयू के धरातल पर उतरने से लाखों युवाओं को रोजगार के अवसर मिले हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि, उद्योग, पर्यटन, नवीकरणीय ऊर्जा और इन्फ्रास्ट्रक्चर हर क्षेत्र में युवा अधिकारियों की सोच, नवाचार और असीमित ऊर्जा की जरूरत है।

संवाद कार्यक्रम में कुशल चौधरी, हरकंवर माली, राजश्री पारीक, मुकेश कीर, नेहा जैन और आनन्द पटेल ने राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के सफर और व्यक्तिगत अनुभव मुख्यमंत्री के साथ साझा किए। प्रदेश में पेपरलीक पर लगाम लगाने और समय से भर्ती परीक्षाएं आयोजित कर नियुक्ति देने के लिए सभी नवनियुक्त लोकसेवकों ने मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया।

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में राज्य सरकार प्रदेश को कृषि क्षेत्र मेंअग्रणी, औद्योगिक निवेश का केन्द्र, हरित ऊर्जा एवं पर्यटन का वैश्विक केन्द्र बनाने की दिशा में पूर्णप्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने संवाद कार्यक्रम में नवनियुक्त लोक सेवकों को सुशासन की शपथ दिलवाई। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा, महानिदेशकहरीशचन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान श्रेया गुहा, अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह भास्कर ए. सावंत, प्रमुख शासन सचिव वित्त वैभव गालरिया, शासन सचिव कार्मिक अर्चना सिंह सहित राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा-2023 के चयनित लोक सेवक उपस्थित रहे।

# मुख्य सचिव ने किया सांगानेर सीईटीपी और द्रव्यवती क्षेत्र का निरीक्षण

## प्रदूषण नियंत्रण मंडल को दोषी उद्योगों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए



मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने रविवार को सांगानेर स्थित कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट ( सीईटीपी ) एवं द्रव्यवती नदी क्षेत्र का निरीक्षण किया।

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने रविवार को सांगानेर स्थित कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीईटीपी) एवं द्रव्यवती नदी क्षेत्र का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव ने सांगानेर एनवायरों प्रोजेक्ट डेवलपमेंट को ब्राह्मणों की ग्वार में प्रस्तावित पंपिंग स्टेशन का निर्माण शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि शेष 134 उद्योगों को सीईटीपी से जोडा जा सके। उन्होंने सीईटीपी संचालन में आ रही तकनीकी खामियों के समाधान के लिए समयबद्ध कार्ययोजना प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने नियमों का उल्लंघन करने वाले उद्योगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश देते हुए राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल को प्रभावी कदम उठाने को कहा, ताकि द्रव्यवती नदी में प्रदूषित जल प्रवाह की समस्या का स्थायी समाधान हो सके। साथ ही सीईटीपी से जुड़े सभी वस्त्र प्रसंस्करण उद्योगों को मंडल से अनिवार्य अनुमति लेकर ही संचालन करने के निर्देश दिए गए।

सांगानेर एनवायरों प्रोजेक्ट डवलपमेंट के निदेशक प्रवीण शाह ने बताया कि 12.3 एमएलडी क्षमता वाले सीईटीपी से वर्तमान में 892 में से 758 वस्त्र प्रसंस्करण उद्योग जुड़े हैं, जबकि शेष उद्योग पंपिंग स्टेशन निर्माण के बाद जोड़े जाएंगे। यह निरीक्षण 28 मार्च को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में दिए गए निर्देशों की अनुपालना में किया गया। इस दौरान राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल, जयपुर विकास प्राधिकरण और नगर निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

# गांधीनगर जयपुर स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस का प्रायोगिक ठहराव शुरू



सांसद मंजू शर्मा और विधायक कालीचरण सराफ ने वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई।

**जयपुर ।** उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल में गांधीनगर जयपुर रेलवे स्टेशन पर जोधपुर-दिल्ली कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस का प्रायोगिक ठहराव रविवार से शुरू हो गया। इस अवसर पर सांसद मंजू शर्मा और विधायक कालीचरण सराफ ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक पूजा मित्तल के अनुसार यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जोधपुर-दिल्ली कैंट-जोधपुर वंदे भारत एक्सप्रेस (सप्ताह में छह दिन) का गांधीनगर जयपुर स्टेशन पर अस्थायी रूप से ठहराव दिया गया है। निर्धारित समयानुसार गाड़ी संख्या 26481 जोधपुर-दिल्ली कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस सुबह 09:34 बजे गांधीनगर जयपुर पहुंचेगी और 09:36 बजे प्रस्थान करेगी। वहीं गाड़ी संख्या 26482 दिल्ली कैंट-जोधपुर वंदे भारत एक्सप्रेस शाम 18:37 बजे आगमन और 18:39 बजे प्रस्थान करेगी। कार्यक्रम में मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. जगदीश कुमार, रेलवे अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा मीडिया कर्मी उपस्थित रहे।

# चालान काटने पर परिवहन अधिकारी से हाथापाई

**जयपुर।** ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में एक निजी ट्रेवल्स एजेंसी के संचालक को परिवहन विभाग की कार्रवाई इतनी नागवार गुजरी की उसने हाईवे पर बस लगाकर मुख्य मार्ग जाम कर दिया और आरटीओ इंस्पेक्टर से हाथापाई कर दी। ट्रेवल्स एजेंसी संचालक ने अपना पॉलिटिकल पावर का हवाला देते हुए परिवहन विभाग के अधिकारी को सस्पेंड करवाने की धमकी दी। जिसके बाद आरटीओ इंस्पेक्टर ने थाने पहुंच ट्रेवल्स एजेंसी संचालक के खिलाफ राजकार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

पुलिस ने बताया कि आरटीओ जयपुर-फर्स्ट देवेन्द्र सिंह (37) ने मामला दर्ज कराया है कि 27 मार्च की रात उडन दस्ते पर जवानों के साथ वह ड्यूटी पर तैनात थे। रात करीब 10 बजे ट्रांसपोर्ट नगर के रोटरी सर्किल पर उडनदस्ते की ओर से वाहनों की चैकिंग की जा रही थी। जयपुर से ऋषिकेश जा रही रिंकू ट्रेवल्स की सवारियों से भरी बस को चैकिंग के लिए रोका गया। बस रोकते ही उडनदस्ते पर तैनात स्टाफ से ड्राइवर अरुण सिंह और उसके साथी दिनेश ने गाली-गलौज कर बदसलूकी की। दोनों आरोपियों की ओर से धमकाकर चालान कार्रवाई करने से रोका।

# जयपुर एयरपोर्ट पर ‘उडान यात्री कैफे’ शुरू

- यात्रियों को मात्र 10 रुपए में मिलेगा रिफ्रेशमेंट

**जयपुर ।** जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर यात्रियों की सुविधा के लिए ‘उडान यात्री कैफे’ की शुरुआत की गई है, जहां मात्र 10 रुपये में रिफ्रेशमेंट उपलब्ध कराया जाएगा। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू किंजरापु ने रविवार को इसका वर्चुअल उद्घाटन किया।

एयरपोर्ट के टर्मिनल-2 के प्री-चेक-इन प्रस्थान क्षेत्र में शुरू किए गए इस कैफे में यात्रियों को पानी, चाय, कॉफी, स्नैक्स सहित अन्य खाद्य पदार्थ किफायती दरों पर उपलब्ध होंगे। इस पहल का उद्देश्य हवाई यात्रा को आम और मध्यम वर्ग के लिए अधिक सुलभ और किफायती बनाना है।केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ‘उडान यात्री कैफे’ सरकार की उस सोच का हिस्सा है, जिसके तहत हवाई यात्रा को आसान और सभी वर्गों के लिए सुलभ बनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि किफायती दरों पर आवश्यक खाद्य और पेय पदार्थ उपलब्ध कराकर यह पहल यात्रियों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करेगी। एयरपोर्ट प्रशासन के अनुसार यह पहल ‘उडान’ योजना को मजबूती देने के साथ ही यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जिससे एयरपोर्ट सेवाएं अधिक समावेशी बनेंगी।

उद्घाटन के दौरान मुख्य हवाई अड्डा सुरक्षा अधिकारी नवीन भगत, इंटेलिजेंस ब्यूरो के अधिकारी सैरेम सरत कुमार, सीआईएसएफ के उप कमांडेंट देवराज और मुख्य हवाई अड्डा अधिकारी अनिमेष भट्ट सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट राज्य का सबसे व्यस्त हवाई अड्डा है।

वित्त वर्ष 2024-25 में यहां 60 लाख से अधिक यात्रियों की आवाजाही दर्ज की गई, जबकि प्रतिदिन करीब 120 उड़ानों का संचालन होता है।

# डैशबोर्ड को स्कॉच गोल्ड अवार्ड-2025

**जयपुर ।** राज्य के आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय द्वारा विकसित फूड एवं न्यूट्रिशन सिक्योरिटी एनालिसिस डैशबोर्ड को प्रतिष्ठित स्कॉच गोल्ड अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान 28 मार्च, 2025 को नई दिल्ली स्थित नेशनल हैबिटेट सेंटर में आयोजित स्कॉच समिट के दौरान प्रदान किया गया। राज्य की ओर से यह पुरस्कार डॉ. प्रवीण कुमार, सहायक निदेशक, एस.डी.जी. को ऑर्डिनेशन एंड एक्सीलरेशन सेंटर ने समारोह में ग्रहण किया।

यह डैशबोर्ड राज्य में खाद्य एवं पोषण सुरक्षा की स्थिति का जिलेवार आकलन प्रस्तुत करता है। विश्व स्तर पर स्थापित मानकों के आधार पर तैयार यह प्लेटफॉर्म नीति-निर्माताओं एवं प्रशासनिक अधिकारियों को सटीक एवं विस्तृत विश्लेषण उपलब्ध कराता है, जिससे योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सहायता मिलती है। उल्लेखनीय है कि इस डैशबोर्ड का शुभारंभ मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा द्वारा वर्ष 2024 में किया गया था। यह उपलब्धि राज्य के डेटा-आधारित सुशासन एवं पोषण सुरक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों का महत्वपूर्ण प्रमाण है।

# प्रधानमंत्री के ‘मन की बात’ कार्यक्रम को सुना मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने

## प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में जयपुर के किसान मुरलीधर के जीवन में सोलर पम्प से आए सकारात्मक बदलाव का जिक्र किया



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जमवारामगढ़ स्थित पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आमजन के साथ प्रधानमंत्री मोदी के ‘‘मन की बात’’ कार्यक्रम को सुना।


**जयपुर ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को ‘मन की बात’ कार्यक्रम की 132वीं कड़ी में देशवासियों को संबोधित किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जमवारामगढ़ में पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आमजन के साथ मन की बात कार्यक्रम सुना। इस संस्करण में प्रधानमंत्री ने सोलर पम्प से आए सकारात्मक बदलाव का जिक्र करते हुए कहा कि जयपुर के किसान मुरलीधर पहले खेती के लिए डीजल पम्प पर निर्भर थे, जो काफी महंगा पड़ता था। अब उन्होंने सोलर पम्प अपनाकर ईंधन की चिंता से मुक्ति पाई है और समय पर सिंचाई होने से उनकी सालाना आय भी बढ़ गई है।

इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विगत एक दशक से अधिक समय में देश का सामर्थ्य बढ़ा है। फिलहाल मध्य पूर्व क्षेत्र में चल रहे घटनाक्रम से उत्पन्न वैश्विक संकट के बीच देश की ईंधन आवश्यकताओं को सुरक्षित एवं संतुलित बनाने के लिए जरूरी कदम भी उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि हमारा देश मौजूदा परिस्थितियों का एकजुटता से मुकाबला कर रहा है। सभी आमजन जागरूक रहें और अफवाहों के बहकावे में ना आएं। शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने पहले दिन से ही जनता की सेवा के संकल्प पर कार्य करना शुरू कर दिया था। अब तक पेश किए गए बजटों में गरीब, किसान, महिला और मजदूर सहित सभी वर्गों एवं सभी विधानसभा क्षेत्रों को उनकी विभिन्न विकास सौगातें दी गई हैं। उन्होंने कहा कि गत सरकार में युवाओं के हितों पर कुठाराघात हुआ, लेकिन हमने पेपरलीक पर लगाम लगाकर भर्ती परीक्षाओं को पूर्ण पारदर्शिता से आयोजित किया है। इस अवसर पर सांसद राव राजेन्द्र सिंह, विधायक महेंद्रपाल मीना, कुलदीप धनकड़ सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# शातिर नकबजन पुलिस के हत्थे चढ़ा

**जयपुर।** विद्याधर नगर पुलिस ने एक शातिर नकबजन को गिरफ्तार कर चोरी की बड़ी वारदात का खुलासा किया है। पकड़ा गया आरोपी इतना शातिर है कि उस पर जयपुर के अलग-अलग थानों में नकबजनी और चोरी के करीब दो दर्जन मामले पहले से दर्ज हैं। आरोपी ने पूछताछ में स्वीकार किया है कि वह अपने महंगे शौक और मौज-मस्ती के लिए सूने मकानों को निशाना बनाता था। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।पुलिस उपायुक्त (उत्तर) करण शर्मा ने बताया कि विद्याधर नगर थाना पुलिस ने एक शातिर नकबजन निखिल तलवार (48) निवासी बगरू हाल खानाबदोश जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की जांच में सामने आया कि आरोपी आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ मालवीय नगर, शिप्रापथ, महेश नगर, वैशाली नगर, सांगानेर, ज्योति नगर और चित्रकूट सहित कई थानों में 20 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। वह कई मामलों में वांछित भी चल रहा था।पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह केवल अपनी सुख-सुविधाओं और शौक को पूरा करने के लिए चोरी करता था। पुलिस अब आरोपी से अन्य वारदातों और चोरी के माल की बरामदगी के संबंध में गहन पूछताछ कर रही है।

# उर्वरकों के संतुलित उपयोग व जैविक खेती को बढ़ावा देने पर चर्चा



कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की प्रमुख शासन सचिव मंजू राजपाल ने पंत कृषि भवन में राज्य स्तरीय बैठक ली।

**जयपुर ।** खरीफ-2026 के दौरान उर्वरकों के संतुलित एवं वैज्ञानिक उपयोग को बढ़ावा देने, जैविक एवं प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने तथा रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने के उद्देश्य से कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की प्रमुख शासन सचिव मंजू राजपाल ने पंत कृषि भवन में हाईब्रिड मोड में राज्य स्तरीय बैठक ली।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में राज्य में उर्वरकों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। इसमें यूरिया 3.76 लाख मीट्रिक टन, डीएपी 83 हजार मीट्रिक टन, एनपीके 66 हजार मीट्रिक टन एवं एसएसपी 1.97 लाख मीट्रिक टन शामिल हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में अधिक है। केन्द्र आगामी खरीफ के लिए राज्य को 11 लाख मीट्रिक टन यूरिया, 5.10 लाख मीट्रिक टन डीएपी, 4 लाख मीट्रिक टन एसएसपी एवं 1.50 लाख मीट्रिक टन एनपीके आपूर्ति करेगा।

उन्होंने निर्देश दिए कि किसानों को नाइट्रोजन, फास्फोरस एवं पोटाश का संतुलित अनुपात में उपयोग करने के साथ-साथ सूक्ष्म पोषक तत्वों के महत्व के बारे में भी जागरूक किया जाए। उन्होंने रासायनिक उर्वरकों के विकल्प जैसे हरी खाद, कंपोस्ट, देसी खाद, जैविक उर्वरक, फसल चक्र में दलहनी फसलों के उपयोग, फसल अवशेष प्रबंधन, प्राकृतिक व जैविक खेती की विधियों पर जोर देते हुए कहा कि इससे न केवल मिट्टी की उर्वरता में वृद्धि होगी बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध उपयोग से मिट्टी की गुणवत्ता में गिरावट आ रही है, जिसे रोकना अत्यंत आवश्यक है।

बैठक में कृषि आयुक्त चिन्मयी गोपाल, निदेशक हिरेंद्र कुमार शर्मा, अतिरिक्त निदेशक कृषि (प्रशासन) हुशियार सिंह, अतिरिक्त निदेशक कृषि (विस्तार) एस.एस.शेखावत, अतिरिक्त निदेशक कृषि (आदान) गोपाल लाल, अतिरिक्त निदेशक कृषि (अनुसंधान) अजय कुमार पचौरी सहित सभी आईसीएआर संस्थानों के प्रभारी अधिकारी, कृषि विज्ञान केन्द्रों के प्रभारी, कृषि विश्वविद्यालयों के प्रसार शिक्षा निदेशक, खण्डीय अतिरिक्त निदेशक कृषि, संयुक्त निदेशक कृषि एवं जिला परिषदों के प्रतिनिधियों ने वी सी के माध्यम से भाग लिया।

# 65 कार्टन अवैध शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार



**जयपुर (कासं)।** राजस्थान पुलिस के ‘‘ऑपरेशन एंटी वेनम’’ अभियान के तहत जमवारामगढ़ पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए हरियाणा निर्मित शराब से भरा कंटेनर पकड़ा है। पुलिस ने मौके से 65 कार्टन अंग्रेजी शराब जब्त कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि जयपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक राहुल प्रकाश के निर्देश पर 15 मार्च से 31 मार्च 2026 तक ड्रग्स व नशा तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत यह सफलता हासिल हुई है। गत 28 मार्च को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शाहपुरा रणवीर सिंह और वृत्ताधिकारी जमवारामगढ़ रामकिशन विश्नोई के सुपरविजन में थानाधिकारी भगवान सहाय के नेतृत्व में टीम ने दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर दूला टोल के पास नाकाबंदी की। इस दौरान अलवर-दौसा की ओर से आ रहा एक कंटेनर पुलिस को देखकर तेज गति से भागने लगा, लेकिन टीम ने घेराबंदी कर उसे रोक लिया।

पूछताछ में चालक ने अपना नाम शाहरुख खान (28) निवासी धोज, जिला फरीदाबाद (हरियाणा) बताया। तलाशी के दौरान कंटेनर से 65 कार्टन हरियाणा निर्मित अंग्रेजी शराब बरामद हुई। आरोपी वैध लाइसेंस या परमिट प्रस्तुत नहीं कर सका, जिस पर पुलिस ने एक्साइज एक्ट की धारा में गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया।

पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि शराब की यह खेप कहां से लाई जा रही थी और किन स्थानों पर सप्लाई की जानी थी। इस कार्रवाई को जयपुर ग्रामीण पुलिस की नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कामयाबी माना जा रहा है।

# हार्ट-लंग ट्रांसप्लांट ओपीडी का उद्घाटन

**जयपुर ।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि चिकित्सा केवल उपचार का माध्यम नहीं, बल्कि मानव जीवन के संरक्षण और संवर्धन का संवेदनशील दायित्व है। विधानसभाध्यक्ष देवनानी रविवार को जयपुर के मानसरोवर में प्रियंका हॉस्पिटल एंड कार्डियक सेंटर हार्ट और लंग ट्रांसप्लांट ओपीडी के उद्घाटन समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। देवनानी ने कहा कि जयपुर में अत्याधुनिक हार्ट फेल्योर क्लीनिक की स्थापना प्रदेश के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिससे गंभीर हृदय रोगों के मरीजों को अब स्थानीय स्तर पर ही विशेषज्ञ सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने इस पहल को चिकित्सा क्षेत्र में नई दिशा का उद्घाटन बताते हुए कहा कि इससे राजस्थान के मरीजों को बड़े महानगरों पर निर्भर नहीं रहना पडेगा।

## सार-समाचार

### वरिष्ठ नागरिक समिति की बैठक हुई

**पाली**, (नि.सं.)। रविवार को वरिष्ठ नागरिक समिति की मासिक बैठक का आयोजन करण सिंह चाली स्थित सभागार में डॉ रामलाल मोहबारशा की अध्यक्षता में संपन्न हुई । आज की मासिक बैठक में सर्वप्रथम महामंत्री नरपत सिंह कुंपावत ने गत माह की बैठक कार्रवाई को सभी सदस्यों को पढ़कर सुनाई जिसका उपस्थित सभी सदस्यों ने हाथ कर खड़े करके अनुमोदित किया। महामंत्री ने बताया कि फरवरी मार्च माह से चल रहा ईरान- अमेरिका युद्ध तीसरे विश्व युद्ध का आगाज है लेकिन सरकार अपने स्तर पर सभी चीजें बराबर उपलब्ध करवाने का वादा कर रही है लेकिन यह वादा यथार्थ में खोखला है। कई स्थानों पर वरिष्ठ जन की बुकिंग के बाद भी कतारो में खड़े दिखाई दे रहे हैं और कई वरिष्ठ जन पेट्रोल डीजल की मांग के कारण कतारो में खड़े हैं इस संबंध में वरिष्ठ नागरिक समिति जिला शाखा पाली में तय किया है कि कुछ दिनों में यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में महामंत्री ,सचिव , कोषाध्यक्ष आदि पदाधिकारी जिला रसद अधिकारी को मिलेंगे और उसकी कॉपी जिलाधीश महोदय को देकर मांग करेंगे कि वरिष्ठ जनों को इन चीजों की सप्लाई में प्राथमिकता दी जाय। इस सभा में गत दिनों मनाई गई रामनवमी पर भी चर्चा की गई जिसमें सचिव दिनेश दवे सलाहकार पूनम सिंह राठौड़ आदि ने भाग लिया । आज की बैठक में लुण सिंह राठौड़ ने जन सहयोग पर चर्चा की और अपनी तरफ से समिति को मीटिंग के लिए आवश्यक टेबल देने की घोषणा की जिसका सभी उपस्थित सदस्यों ने हार्दिक स्वागत किया। इस अवसर पर मानक चंद तंवर व पूनम सिंह राठौड़ आदि का मार्च माह में जन्म दिवस होने के उपलक्ष में जिला अध्यक्ष द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया ।आज की बैठक में नवरत्न मल गुप्ता, गोपाल दास मुंदड़ा, सूरज देवी सांखला, शिवप्रसाद परिहार, किशोर कुमार वागवानी, मोहनलाल पवार, अशोक कुमार शर्मा, अंबाला सोलंकी, ओटाराम सोलंकी, शांतिलाल पोकरणा ,भगवान सहाय ओझा, धन सिंह बडगूजर, वृद्धि चंद मेवाड़ा, बाबूलाल अग्रवाल ,रामदयाल गांधी, चैन सिंह खींची, सत्यनारायण गुप्ता आदि मौजूद रहे। महामंत्री द्वारा आगंतुक सदस्यों का धन्यवाद प्रस्ताव के साथ सभा का समापन किया गया।

### मसीह समाज ने पाम संडे मनाया

**जोधपुर**, (कासं)। मसीही समाज की ओर से प्रभु यीशु मसीह के यरूशलेम में विजयी प्रवेश की स्मृति में 'पाम संडे' (खजूर का रविवार) का पर्व जोधपुर शहर में रविवार को श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अवसर पर जोधपुर शहर के विभिन्न चर्चों में विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया गया तथा एक विशाल संयुक्त शोभायात्रा निकाली गई। रविवार सुबह 9:00 बजे एस.एम. चर्च और आराधनालय (कुड़ी) में पवित्र आराधना संपन्न हुई। एस.एम. चर्च में उदयपुर से आए रेव्ह. सनी एस. कुमार मुख्य वक्ता रहे, वहीं आराधनालय में गोरखपुर (देहरादून) से आए रेव्ह. जॉय विक्टर ठाीन ने परमेश्वर का वचन साझा किया। दोनों ही चर्च परिसरों को खजूर की डालियों से आकर्षक रूप से सजाया गया था। आराधना की विशेषता यह रही कि इसका संचालन संडे स्कूल फैलोशिप के बच्चों द्वारा किया गया। बच्चों ने हाथों में खजूर की डालियाँ लेकर 'होसन्ना-होसन्ना' के गीतों के साथ पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। भजनों और वचनों के माध्यम से उन्होंने शांति और प्रेम का संदेश दिया। एस.एम. चर्च के मीडिया प्रभारी नवीन पॉल और वीनस मार्टिन ने बताया कि सुबह 11:30 बजे सेंट्रल मेथोडिस्ट चर्च के तत्वावधान में एक संयुक्त शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में एस.एम. चर्च, आराधनालय, सेंट्रल मेथोडिस्ट चर्च और क्राइस्ट चर्च के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शोभायात्रा सेंट्रल मेथोडिस्ट चर्च (नेहरू पार्क) से प्रारंभ होकर जलजोग चौराहा, सरदारपुरा बी रोड, जालोरी गेट और ओलंपिक रोड होते हुए एस.एम. चर्च पहुंचकर संपन्न हुई। समापन स्थल पर एस.एम. चर्च कमेटी एवं सेंट एंड्रयूज हॉल कमेटी की अेर से श्रद्धालुओं के लिए शीतल पेय और भोजन की व्यवस्था की गई। शोभायात्रा में प्रभु यीशु मसीह के जीवन एवं उनके बलिदान को दर्शाती आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गईं, जो जोधपुर शहरवासियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। मसीही समाज के लोग हाथों में खजूर की डालियाँ लिए भजनों पर झूमते हुए आगे बढ़ रहे थे। मार्ग में स्वयंसेवकों की ओर से आइसक्रीम एवं शीतल पेय की व्यवस्था भी की गई।

### भाजपा का प्रशिक्षण महाअभियान संपन्न

**सायला**, (निसं)।भाजपा मंडल सायला द्वारा आयोजित दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2०26 का रविवार को समापन हुआ। 28 और 29 मार्च तक चले इस शिविर में सात विभिन्न सत्रों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति-नीति, इतिहास और भविष्य के लक्ष्यों के बारे में विस्तार से प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ शनिवार को मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के मुख्य आतिथ्य और जिला संगठन प्रभारी महेन्द्र मेघवाल की अध्यक्षता में हुआ। अतिथियों ने भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सत्र की शुरुआत की। प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए जोगेश्वर गर्ग ने केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी और कार्यकर्ताओं से इन्हें जन-जन तक पहुँचाने का आहवान किया। द्वितीय सत्र में पूर्व राज्य मंत्री भूपेंद्र देवासी ने भाजपा के स्थापना, इतिहास, विकास यात्रा और देश में ब?ते जनाधार पर प्रकाश डाला। शिविर के दूसरे दिन रविवार को तीसरे सत्र में जिला महामंत्री गजेन्द्रसिंह सिसोदिया ने भाजपा की कार्यपद्धति, बैठक आयोजन और बूथ स्तर से लेकर केंद्र तक के सांगठनिक ढांचे की बारीकियां समझाईं। चौथे सत्र में जिला प्रवक्ता दिनेश महावर ने वर्तमान दौर में सोशल मीडिया और पत्रकारिता की महत्ता पर चर्चा की। पांचवें सत्र में श्रीकान्त भूतडा ने बूथ संवर्धन और बूथ प्रबंधन विषय पर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। अंतिम चरणों छठे और सातवें सत्र में दानाराम चौधरी ने वैचारिक अधिष्ठान और कार्य विस्तार के प्रति हमारी दृष्टि विषय पर विचार रखे। अंत में मंडल अध्यक्ष नैनमल लखारा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए प्रशिक्षण शिविर के समापन की घोषणा की। इस दौरान कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### फलोदी में एआई कार्यशाला 2 को

**फलोदी**,(निसं) । शहर के विद्यार्थियों के लिए 2 अप्रैल को पहली बार एआई की क्लास लगेगी। फलोदी में पहली बार कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) विषय पर निःशुल्क कार्यशाला आयोजित की जाएगी। यह कार्यशाला सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फलोदी में आयोजित होगी। कार्यक्रम का आयोजन साइबडियर नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है, जो जयपुर और दुबई स्थित एक टेक्नोलॉजी कंपनी है। कंपनी में लगभग 400 कर्मचारी कार्यरत हैं। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनोद परिहार मूलतः फलोदी के निवासी हैं और इसी विद्यालय के पूर्व छात्र रहे हैं। वे स्वयं विद्यार्थियों को एआई की बारीकियां समझाएंगे। विनोद परिहार ने बताया कि महानगरों में बच्चे तेजी से नई तकनीक सीख रहे हैं, लेकिन छोटे शहरों के विद्यार्थियों को ऐसे अवसर कम मिलते हैं। इसी सोच के साथ इस कार्यशाला को पूर्णतः निःशुल्क रखा गया है, ताकि अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं भविष्य की तकनीक से जुड सकें। छह घंटे की इस कार्यशाला में विद्यार्थियों को एआई की मूल अवधारणा, प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग, जनरेटिव एआई तथा विभिन्न आधुनिक एआई उपकरणों का सजीव प्रदर्शन दिखाया जाएगा। साथ ही एआई माइंडसेट चुनौती के तहत छात्र टीम बनाकर फलोदी की वास्तविक समस्याओं के समाधान एआई की सहायता से तैयार करेंगे। कक्षा 9 से 12वीं तथा स्नातक स्तर के विद्यार्थी इसमें भाग ले सकते हैं। अब तक सौ से अधिक विद्यार्थियों ने पंजीकरण करवा लिया है। सभी प्रतिभागियों को कंपनी की ओर से प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे।

### नए बस स्टॉप पर होगा उद्घाटन आज

**पाली**, (नि.सं.)। रोटरी क्लब के रोटरी जिला 3056 गर्वनर प्रज्ञा मेहता की अधिकारिता यात्रा के साथ आईचुकीदेवी मोहनलाल मेहता परिवार द्वारा निर्मित रोटरी वातानुकूलित प्रतिक्षालय का उद्घाटन कार्यक्रम नए बस स्टैंड पर होगा। अध्यक्ष दिनेशचंद्र मेहता व सचिव वर्धमान भंडारी ने बताया कि नए बस स्टैंड पर कई वर्षों से प्रतिक्षालय की अतिआवश्यकता थी। यात्रियों व आमजनों को हर मौसम में बैठने खड़े रहने की समस्या रहती थी, इसलिए रोटरी क्लब पाली द्वारा इन आवश्यकता को देखते हुए नए प्रतिक्षालय का उद्घाटन किया जा रहा है। उसके बाद गर्ल्स कॉलेज के बाहर राजेंद्र मेहता द्वारा निर्मित बस स्टॉप का उद्घाटन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर एल एन मंत्री, पुलिस अधीक्षका मोनिका सैन, प्रांतपाल महोदया प्रज्ञा मेहता रहेगी।इस कार्यक्रम की तैयारी में कोषाध्यक्ष नीलकमल दायमा, रामपाल शर्मा, तरुण मेहता ,धर्मेंद्र मोहनोत ,अर्जुनचंद मेहता ,अक्षय भण्डारी जुटे हुए हैं। कार्यक्रम को लेकर रोटरी सदस्यों में उत्साह है तथा खुशी व्याप्त है।

# पाटौदी में जनसंवाद, नशामुक्ति व साइबर सुरक्षा पर चर्चा की

**बालोतरा**, (निसं)। बालोतरा पुलिस द्वारा सामाजिक सहभागिता को सुदृढ करने और ग्राम स्तर पर पुलिस-पब्लिक के बीच सीधा संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान अपना गांव - अपनी जिम्मेदारी के तहत रविवार को पचपदरा थाना क्षेत्र के पाटोदी गांव में वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

पुलिस अधीक्षक रमेश के निर्देशन में आयोजित इस जनसंवाद में बीट अधिकारी से लेकर एसपी स्तर तक के अधिकारियों ने शिरकत की। मुख्य फोकस नशामुक्ति, साइबर जागरूकता, सडक सुरक्षा, नए आपराधिक कानूनों की जानकारी देना रहा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पचपदरा थानाधिकारी अचलाराम ने नवीन आपराधिक कानूनों के प्रमुख प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि नए कानूनों का मुख्य उद्देश्य न्याय प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और समयबद्ध बनाना है।

पाटोदी पुलिस चौकी प्रभारी (सउनि) सोनाराम ने यातायात जागरूकता पर जोर देते हुए हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने पर रोक और नशे में वाहन न चलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि यातायात अनुशासन केवल चालान के डर से नहीं, बल्कि आत्म अनुशासन से आए।

साइबर सेल के मिश्रेखां ने डिजिटल प्रस्तुति के माध्यम से ग्रामीणों को ऑनलाइन ठगी, ओटीपी एवं लिंक फ्रॉड, फर्जी कॉल और सोशल मीडिया हैकिंग से बचने के उपाय बताए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी संदिग्ध कॉल आने पर अपनी निजी जानकारी साझा न करें और किसी भी प्रकार का साइबर फ्रॉड होने पर तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करें।

जागरूकता को रोचक बनाने के लिए स्थानीय विद्यालय की छात्राओं ने नशे के दुष्प्रभावों पर आधारित एक मार्मिक नृत्य प्रस्तुति दी। वहीं, कालू खान एंड पार्टी ने गीत व नाटक के जरिए नशे से दूर रहने का संदेश दिया। सडक सुरक्षा के नियमों को समझाने के लिए कठपुतली कला का शानदार प्रदर्शन किया गया, जिसकी ग्रामीणों ने खूब सराहना की।

### सामूहिक प्रयासों से नशामुक्त समाज का निर्माण : एसपी

पुलिस अधीक्षक रमेश (आईपीएस) ने अपने उद्बोधन में स्पष्ट किया कि यह केवल एक पुलिस अभियान नहीं है, बल्कि समाज और पुलिस के बीच विश्वास और सहयोग की एक सशक्त पहल है। उन्होंने ग्रामीणों से अपने गांव को सुरक्षित और नशामुक्त बनाने का आ ान किया।

पूर्व प्रधान पाटोदी श्रीमती रशीदा बानो ने भी नशे को जड से खत्म करने के लिए सामूहिक योजना बनाने पर बल दिया और पुलिस प्रशासन की इस पहल का आभार जताया।

कार्य म में इनकी रही मौजूदगी

मंच संचालन शारीरिक शिक्षक महिपाल सिंह ने किया। इस अवसर पर वृताधिकारी पचपदरा विकास कुमार तहसीलदार व कार्यपालक मजिस्ट्रेट रूस्तम खान, जिला परिषद सदस्य रूखमा देवी लोहिया, समाजसेवी पुखराज प्रजापत, जोगेन्द्र कुमार, व्याख्याता किशनाराम, प्रशासक अयुब खान, रोशन अली छीपा, धमेन्द्र कुमार, महंत श्री गणपत भारती सहित भारी संख्या में नागरिक, युवा और स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

## जुल्फिकार अली भुट्टो मुस्लिम वेलफेयर चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष बने

**जालोर**, (कासं) । मुस्लिम मुसाफिर खाना जालोर में आयोजित मुस्लिम वेलफेयर चैरिटेबल ट्रस्ट जालोर की बैठक रविवार को कार्यकारी अध्यक्ष अल्हाज मोहम्मद हुसैन कुरैशी के अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें जुल्फिकार अली भूट्टो को मुस्लिम वेलफेयर चैरिटेबल ट्रस्ट जालौर का निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किया गया।

जालोर शहर स्थित मुस्लिम मुसाफिर खाना मे ट्रस्ट की आम बैठक मे मोलाना मोहम्मद रफीक आलम अशरफी ने कुरान शरीफ की आयत तिलावत बाद मुस्लिम वेलफेयर चैरिटेबल ट्रस्ट जालोर के सचिव हाजी खान मेहर ने गत कार्यकाल के दौरान मुस्लिम वेलफेयर चैरिटेबल ट्रस्ट जालोर के द्वारा किये गये कार्यों की जानकारी दी। लेखा-जोखा प्रस्तुत किया तथा कार्यों का अनुमोदन करवाया गया। ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष मरहुम शाहजाद अली सैयद और ट्रस्ट के तमाम मरहुमीन के लिए दुआ ए मगफिरत की गई। कार्यकारिणी का गठन करने के लिए अध्यक्ष चुनाव करने का निर्णय लेते हुए शमशेर अली सैय्यद व इंसाफ अली सैय्यद को मुस्लिम वेलफेयर चैरिटेबल ट्रस्ट जालोर के लिए निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया। चुनाव अधिकारी द्वारा मुस्लिम वेलफेयर चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष पद के लिए नाम मांगे जाने पर ट्रस्ट अध्यक्ष के लिए शहजाद खान सिलावट ने जुल्फिकार के नाम का प्रस्ताव रखा जिसका सदन ने समर्थन किया। मुमताज अली द्वारा जुल्फिकार अली भूटो को समर्थन पर मुस्लिम वेलफेयर चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष पद पर जुल्फिकार अली को निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष का उपस्थित लोगों ने माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष सैयद जुल्फिकार अली भूट्टो ने कहा कि आम सदस्यों ने जो मुझ पर विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। आम समाज के हितार्थ हमेशा मे तैयार रहूंगा। मुस्लिम मुसाफिर खाना जालोर के विकास मे किसी प्रकार की कोई कमी नहीं छोडूंगा। आभार जताते हुए मुसाफिर खाना जालोर सहित ट्रस्ट हित में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और समाज सेवा के कार्यो को गति देने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया। इस दौरान मुस्लिम वेलफेयर चैरिटेबल ट्रस्ट जालोर के सदस्य मौलाना रफीक आलम अशरफी, हमीर खान मैहर, रणजीत खान मेहर , हाजी मुनव्वर अली, हाजी अशरफ अली सैयद, बगदाद खान, लियाकत अली सैयद, हाजी अजमत अली सैयद, हाजी मुख्तयार खान लोहार, मुमताज अली सैयद , नाहिद अली सैयद, युसूफ खान, इकबाल काजी, सलीम मोयला, अब्दुल रजाक, अरमान अली सैयद एवं खुर्शीद अहमद हब्शी , बरकत अली सैयद,निसार खान मेहर,नवाब खान, रिजवान अली,ताहिर अली, मोहम्मद इंसाफ बेग, सरफराज अली, शहजाद खान नर्सिंग आफिसर, अयूब शेख पूर्व पार्षद, भवरु खान पठान,सदीक मोहम्मद, इकबाल अली, मुश्ताक मेहर आदि मौजूद रहे।

## पीपा जयंती महोत्सव, रक्तदान शिविर के बैनर का विमोचन किया

**जोधपुर**, (कासं)। संत शिरोमणि पीपाजी महाराज की 703 वी जयंती पर आयोजित रक्तदान शिविर के बैनर का आज रातानाडा स्थिति समाज भवन में विमोचन किया गया।

रक्तदान शिविर प्रभारी लिखमाराम परिहार ने बताया कि दो दिवसीय पीपा जयन्ती महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रथम दिन एक अप्रेल को रातानाडा स्थित समाज भवन में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। रक्तदान को लेकर युवाओं में भारी उत्साह है। इस वर्ष 201 युनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य है। संत पीपा जी महाराज के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर सुबह नौ बजे रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया जाएगा। यह शिविर दोपहर दो बजे तक जारी रहेगा। बैनर विमोचन के अवसर पर प्रकाश चावड़ा, नरेश सोलंकी, लिखमाराम परिहार, घनश्याम चौहान, लालाराम भाटी, सुभाष भाटी, लिखमाराम परिहार, गजेंद्र चौहान, शिवराज चौहान सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### मेघवाल समाज विकास संस्थान की बैठक हुई

**डीडवाना( निसं )**। मेघवाल समाज विकास संस्थान, डीडवाना की समस्त कार्यकारिणी एवं आमजन की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 14 अप्रैल को भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती को भव्य रूप से मनाने को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान संस्थान के अध्यक्ष एस.आर. लूनिया ने जानकारी देते हुए।

### वुशू फाइटरों ने एक गोल्ड सहित तीन मैडल जीते

**जालोर**, (कासं)। बीकानेर के डॉक्टर करणी सिंह स्टेडियम में आयोजित हुई 19 वीं राज्य स्तरीय जूनियर वुशू प्रतियोगिता में जालोर के खिलाडियों ने एक गोल्ड सहित कुल तीन मैडल जीतकर जालोर जिले का परचम फहराया।

जिला वुशू संघ के अध्यक्ष शिवदत्त आर्य ने बताया कि राजस्थान वुशू संघ व बीकानेर वुशू संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में जालोर के खिलाडियों ने जिला वुशू संघ के महासचिव कन्हैयालाल मिश्रा व राष्ट्रीय वुशू निर्णायक ललित कुमार के सानिध्य में यह मुकाम हासिल किया।जिला वुशू संघ के कोच देवेश आर्य व प्रितम सिंह राठौड ने प्रतियोगिता के परिणाम की जानकारी देते हुए बताया कि राज्य स्तरीय जूनियर वुशू प्रतियोगिता में बालिकाओं के 56 किलो भारवर्ग में वैशाली ने राज्य स्तर पर अपना पहला गोल्ड मैडल जीतकर जिले को खुशी प्रदान की। वहीं बालिकाओं के 52 किलो भारवर्ग में सरल जैन ने सिल्वर मैडल व 70 किलो भार वर्ग में खुशी शर्मा ने ब्रॉन्ज मैडल जीतकर जिले को गौरव प्रदान किया।जिले के खिलाडियों की उपलब्धि पर राजस्थान वुशू संघ के अध्यक्ष हीरानंद कटारिया, महासचिव ममता वर्मा,भारतीय वुशू टीम कोच राजेश कुमार टेलर,जिला वुशू संघ के संरक्षक दलपतसिंह आर्य, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश खंडेलवाल,आर्य वीर दल के अध्यक्ष कृष्ण कुमार तिवारी, संचालक प्रशान्त सिंह,आर्य समाज के प्रधान विनोद आर्य,संगठन मंत्री कांतिलाल आर्य सहित विभिन्न खिलाडियों व खेल संघों ने खुशी जताई।

### प्रजापति छात्रावास के चुनाव हुए

**पाली**, (नि.सं.)। प्रजापति छात्रावास के चुनाव सम्पन हुए। एडवोकेट मांगीलाल प्रजापत खैरवा ने बताया कि प्रजापति सामाजिक विकास संस्थान (प्रजापति छात्रावास) पाली के अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष पद के लिए के चुनाव हुए।


प्राप्त जानकारी के अनुसार अध्यक्ष पद के लिए मंगलाराम थावलियां व शिवप्रकाश जाजपुरा एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए देवाराम नारायनिया व नारायणलाल कपुपरा ढाबर दावेदार थे। मतदान सुबह 8 बजे से प्रारम्भ होकर 2 बजे तक सम्पन हुआ। कुल 133 लोगो ने मतदान किया।

इस के बाद अध्यक्ष पद के दावेदार शिवप्रकाश जाजपुरा ने 71 वोट व मंगलाराम थावलिया को 64 वोट मिले। जिसमे शिवप्रकाश जाजपुरा 7 वोटों से विजयी हुए।

कोषाध्यक्ष पद के लिए देवाराम नाराणीया को 99 वोट मिले वही नारायणलाल कपुपरा ढाबर को 30 वोट प्राप्त हुए। देवाराम नाराणीया 69 वोटों से जीत हासिल की। उपाध्यक्ष नारायण लाल एंदला व सचिव मांगीलाल प्रजापत खैरवा निर्विरोध निर्वाचित हुए।

जीत के बाद सभी उम्मीदवारों को शपथ दिलवायी गई।

चुनाव प्रक्रिया पूर्णतः निष्पक्ष करवाने में चुनाव अधिकारी छगनलाल, सहायक चुनाव अधिकारी नेमाराम, जितेंद्र थावलिया, मुकेश हाटवा, मोहन कपुपरा ने संम्पन करवाई।





मुझे ऐसा लगा जैसे पैर ने बाउंड्री स्पंज को छुआ हो, ये आरसीबी के लिए एक बड़ा फैसला है। समझ नहीं आता कि आप ये कैसे बता सकते हैं और पूरी तरह से पक्का कर सकते हैं कि पैर का कोई हिस्सा स्पंज को नहीं छुआ है.. और स्पंज हिल गया... थोड़ा सा इशारा...। **– माइकल वॉन**

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान, थर्ड अंपायर के फैसले को लेकर।

**आज का खिलाड़ी** **सुनील गावस्कर**



**बीसीसीआई** ने ऐसे खिलाड़ियों के लिए नियम बनाए हैं। जो खिलाड़ी नीलामी में बिकने के बाद अगर टूर्नामेंट से नाम वापस लेता है तो उस पर 2 साल का बैन लगता है। हालांकि, सुनील गावस्कर इससे भी खुश नहीं है। इस पूर्व भारतीय कप्तान ने बीसीसीआई से और सख्त नियम बनाने की अपील की है। सुनील गावस्कर ने कहा कि, ये एक मुश्किल मामला है। साफ तौर पर बेन डकेट की एशेज सीरीज बहुत अच्छी रही थी, और अगर उन्हें द हंड्रेड की नीलामी में उतनी बडी रकम में नहीं खरीदा गया होता, तो शायद हालात कुछ और होते।

**क्या आप जानते हैं ?...** विराट कोहली टी-20 में एशिया के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने हैं और रोहित शर्मा वनडे में तीन दोहरे शतक लगाने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं।

# मुंबई इंडियंस ने दर्ज की ऐतिहासिक जीत, कोलकाता को वानखेड़े में हराया

## रोहित व रेयान के बीच पहले विकेट के लिए 148 रन की साझेदारी

मुंबई, 29 मार्च। मुंबई इंडियंस ने रविवार को आईपीएल 2026 के दूसरे मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स को 6 विकेट से हराया। रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए आईपीएल में ये किसी भी टीम की सबसे बड़ी जीत है। कोलकाता नाइट राइडर्स ने वानखेड़े स्टेडियम में पहले बैटिंग करते हुए अजिंक्य रहाणे की अर्धशतकीय पारी की बदौलत 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 220 रन बनाए, इसके जवाब में मुंबई इंडियंस की टीम रोहित शर्मा और रयान रिकल्टन के बीच शतकीय साझेदारी की मदद से 5 गेंद शेष रहते मैच अपने नाम किया। मुंबई ने 19.1 ओवर में 4 विकेट खोकर 224 रन बनाए। मुंबई की ओर से रोहित ने 78 और रिकल्टन ने 81 रन की पारी खेली।

मुंबई इंडियंस ने 221 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए दमदार शुरुआत की। पावरप्ले में टीम ने बिना विकेट गंवाए 80 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने 38 गेंद में 78 रन की पारी खेली। रोहित और रेयान के बीच पहले विकेट के लिए 148 रन की साझेदारी हुई। सूर्यकुमार ने 8 गेंद में 16 रन बनाए। रिकल्टन ने 43 गेंद में 81 रन बनाकर पवेलियन लौटे। वह रन आउट हुए। तिलक 14 गेंद में 20 रन बनाकर आउट हुए। नमन और हार्दिक क्रीज पर मौजूद हैं।





कोलकाता नाइट राइडर्स ने वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 220 रन बनाए। कोलकाता के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने सर्वाधिक 67 रन बनाए। मुंबई की ओर से शार्दुल ठाकुर ने तीन विकेट लिए।

मुंबई इंडियंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी केकेआर के लिए कप्तान अजिंक्य रहाणे और फिन ऐलन की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिए 69 रन जोड़े। छठें ओवर में शार्दुल ठाकुर ने फिन ऐलन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। फिन ऐलन ने 17 गेंदों में छह चौके और दो छक्कों की मदद से 37 रनों की पारी खेली। नौवें ओवर में शार्दुल ने कैमरुन ठीन (18) का शिकार कर लिया।

14वें ओवर में शार्दुल ठाकुर ने अजिंक्य रहाणे को आउट कर केकेआर को तीसरा झटका दिया। रहाणे ने 40 गेंदों में तीन चौके और पांच छक्के उड़ाते हुए 67 रनों की पारी खेली। 19वें ओवर में हार्दिक पंड्या ने अंगकृष रघुवंशी को कैच आउट करा दिया। अंगकृष रघुवंशी ने 29 गेंदों में छह चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 51 रन बनाये। केकेआर ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 220 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। रिंकू सिंह ने 21 गेंदों में चार चौकों की मदद से नाबाद 33 रन बनाये। मुंबई इंडियंस के लिए शार्दुल ठाकुर ने 39 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। कप्तान हार्दिक पंड्या को एक विकेट मिला।

## चेन्नई सुपरकिंग्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच भिड़ंत आज

### आमने-सामने होंगे संजू-जडेजा



नई दिल्ली, 29 मार्च। पिछले एक दशक से अधिक राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रहे संजू सैमसन अब आईपीएल के मैच में सोमवार को उसी टीम के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स की जर्सी में नजर आयेंगे जबकि चेन्नई टीम का हिस्सा रहे रविंद्र जडेजा अब रॉयल्स के लिये खेलने जा रहे हैं। पिछले दस साल से अधिक समय से सैमसन रॉयल्स टीम के कप्तान और स्टार बल्लेबाज रहे हैं। उनकी कप्तानी में रॉयल्स 2022 में फाइनल तक पहुंची थी। जिस तरह से चेन्नई की पहचान महेंद्र सिंह धोनी हैं, वैसे ही रॉयल्स की पहचान सैमसन बन गए थे लेकिन इस सत्र से पहले हुई अदला बदली में अब जडेजा रॉयल्स के लिये खेलेंगे और भारत की टी20 विश्व कप जीत के नायक रहे सैमसन चेन्नई टीम का हिस्सा होंगे।

सैमसन ने टी20 विश्व कप में वेस्टइंडीज, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ आखिरी तीन मैचों में 50 से अधिक रन बनाकर भारत की खिताबी जीत में सूत्रधार की भूमिका निभाई। वह चेन्नई के कप्तान रूतुराज गायकवाड़ के साथ पारी की शुरूआत करेंगे और टीम के कोर नेतृत्व का भी हिस्सा होंगे चूंकि धोनी फिटनेस कारणों से कम से कम दो सप्ताह नहीं खेल पायेंगे। धोनी टीम के साथ गुवाहाटी नहीं आये हैं और उनकी गैर मौजूदगी में सैमसन तथा गायकवाड़ पर नजरें रहेंगी।

धोनी की गैर मौजूदगी में 20 साल के बायें हाथ के स्पिनर हरफनमौला प्रशांत वीर को मौका मिल सकता है जिन्होंने घरेलू टी20 मैचों में प्रभावित किया। उनके अलावा 14 .2 करोड़ रूपये में खरीदे गए कार्तिक शर्मा भी फोकस में होंगे जो घरेलू सर्किट में छक्के लगाने के अपने हुनर के लिये जाने जाते हैं। चेन्नई की बल्लेबाजी मजबूत लग रही है चूंकि डेवाल्ड ब्रेविस अब परिपक्व हो चले हैं जबकि शिवम दुबे मध्यक्रम के भरोसेमंद बल्लेबाज बन गए हैं। युवा आयुष म्हात्रे भी तेजी से निखरते जा रहे हैं।

गेंदबाजी में नूर अहमद , अकील हुसैन, मैट हेनरी और खलील अहमद जिम्मेदारी संभालेंगे। रॉयल्स के लिये सैमसन का जाना एक युग का अंक है और रियान पराग की कप्तानी में एक नये दौर की शुरूआत है जो अपने घरेलू मैदान से कप्तानी की शुरूआत करेंगे। जडेजा के आने से टीम का अनुभव और संतुलन बढा है। उनकी बल्लेबाजी का दारोमदार यशस्वी जायसवाल पर रहेगा। उनके साथ युवा वैभव सूर्यवंशी और फॉर्म में चल रहे शिमरोन हेटमायेर हैं। रॉयल्स के लिये चिंता का सबब उसकी गेंदबाजी है। पिछले सत्र के बाद टीम में कई बदलाव हुए हैं लेकिन जोफ्रा आर्चर की अगुवाई में तेज गेंदबाजों को निरंतरता पर काम करना होगा। स्पिन का जिम्मा जडेजा और रवि बिश्नोई संभालेंगे। पिछले सत्र में चेन्नई आखिरी स्थान पर और रॉयल्स नौवें स्थान पर रही थी।

**टीमें : राजस्थान रॉयल्स :** रियान पराग (कप्तान), ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, लुआन ड्रे प्रिटोरियस, रवि सिंह, अमन पेराला, शिमरोन हेटमायेर, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जायसवाल, रविंद्र जडेजा, सैम कुरेन, एडम मिल्ने, बृजेश शर्मा, जोफ्रा आर्चर, कुलदीप सेन, क्वेना मफाका, नांद्रे बर्गर, रवि बिश्नोई और संदीप शर्मा। **चेन्नई सुपर किंग्स :** रूतुराज गायकवाड़ (कप्तान), संजू सैमसन, डेवाल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे, आयुष म्हात्रे, मैट हेनरी, अकील हुसैन, नूर अहमद, जैमी ओवर्टन, मैथ्यू शॉर्ट, खलील अहमद, जाक फोकेस, अंशुल कम्बोज, नाथन एलिस, सरफराज खान, राहुल चाहर, कार्तिक शर्मा, उर्विल पटेल, अमन खान, रामाकृष्णा घोष, प्रशांत वीर, श्रेयस गोपाल, गुरजपनीत सिंह और मुकेश चौधरी।

## आईपीएल 2026 : चेन्नई सुपरकिंग्स की टेंशन बढ़ी, धोनी के बाद डेवाल्ड ब्रेविस भी हो सकते हैं बाहर

नई दिल्ली, 29 मार्च। आईपीएल 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स की टीम अपना अभियान राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 30 मार्च, सोमवार से करेगी। इस मुकाबले के 24 घंटे पहले टीम के लिए एक और चिंता बढ़ाने वाली खबर सामने आई है। दरअसल, पहले एमएस धोनी और अब डिवाल्ड ब्रेविस कुछ मैचों से बाहर हो सकते हैं। डेवाल्ड ब्रेविस साइड स्ट्रेन से परेशान हैं। जिस कारण वह शुरुआती दो-तीन मैच मिस कर सकते हैं। चेन्नई सुपर किंग्स अपना पहला मैच राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलेगी। फिर 3 अप्रैल को टीम पंजाब किंग्स और 5 अप्रैल को आरसीबी से भिड़ेगी। इन मैचों से एमएस धोनी का बाहर होना लगभग तय है। वहीं अब ब्रेविस को लेकर भी सस्पेंस है कि वह शुरुआती तीन मुकाबले खेल पाएंगे या नहीं। डेवाल्ड ब्रेविस अगर बाहर हुए तो ये चेन्नई सुपर किंग्स के लिए बहुत बड़ा झटका हो सकता है। इससे पहले नाथन एलिस पूरे सीजन से बाहर हुए थे।

### मुख्यमंत्री ने हॉफ मैराथन का किया फ्लैग ऑफ

## युवा अपने जीवन को सही दिशा में आगे बढ़ाएं और देश-प्रदेश के विकास में योगदान दें : मुख्यमंत्री

जयपुर, 29 मार्च। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि तन और मन से स्वस्थ रहना सुखी जीवन का मूल आधार है। हमारा देश युवाओं का देश है और इसी युवा तरुणाई को सिंचित रखने के लिए स्वस्थ रहना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब युवा बढ़ेगा तभी समाज और राष्ट्र आगे बढ़ेगा। ऐसे में युवा अपने जीवन को सही दिशा में आगे बढ़ाएं और अपने उद्देश्यों की पूर्ति करते हुए देश-प्रदेश के विकास में योगदान दें।

शर्मा रविवार को जयपुर के अजमेर रोड स्थित महिन्द्रा वर्ल्ड सिटी में द टाइम्स ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित हाफ मैराथन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए सरकारी और निजी नौकरियों के साथ स्वरोजगार के अधिकाधिक अवसर प्रदान कर राज्य सरकार ने सवा दो साल में उनका भविष्य सुरक्षित करने का कार्य किया है। श्री शर्मा ने आ ान करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य में सरकार की योजनाएं और नीतियां युवाओं पर केंद्रीत हैं। युवा इनका स्वयं भी लाभ उठाएं और अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का प्रयास करें।



मुख्यमंत्री ने हाफ मैराथन का फ्लैग ऑफ करने के बाद पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस दौरान द टाइम्स ऑफ इंडिया के डायरेक्टर अनुराग अग्रवाल, महिन्द्रा लाइफस्पेस डेवलपर्स लिमिटेड के एमडी-सीईओ अमित कुमार सिन्हा सहित बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे। मैराथन में लोगों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।

## चंबल स्पोर्ट्स ने सुराना एकेडमी को हराया



जयपुर, 29 मार्च। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित तथा एल वी फार्मा द्वारा प्रायोजित महिला ए डिवीजन लीग में खेले गए मैच में चंबल स्पोर्ट्स ने सुराना एकेडमी को 8 विकेट से हराया। सुराना एकेडमी ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रेया जोशी के 28 रन, नेहा सैनी के 18 रन, रिधिमा शेखावत के 26 रन व भूमिका जांगिड़ के 17 रनो से 42 ओवर में 128 रन बनाए। चंबल स्पोर्ट्स के लिए खुशी जैन ने 28 पर 3, सोनम सैनी ने 9 पर 2, अर्शील ने 25 पर 2 व अर्चना योगी ने 7 पर एक विकेट लिया। जवाबी पारी में चंबल स्पोर्ट्स ने चंद्र ज्योत्सना भाटी के 33 रन, मिताली राज के 17 रन व अर्शील के नाबाद 48 रनो से 26.2 ओवर में 2 विकेट पर 129 रन बनाकर मैच जीत लिया। सुराना एकेडमी के लिए आरजू विश्नोई व आकृति यादव ने एक - एक विकेट लिया।

## 19वीं जूनियर राज्य वुशू प्रतियोगिता में जयपुर ने 172 अंकों के साथ जीती ओवरऑल ट्रॉफी



जयपुर, 29 मार्च। राजस्थान वूशू संघ एवं बीकानेर वूशू संघ के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 27 से 29 मार्च तक डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में आयोजित 19वीं राजस्थान जूनियर (बालक /बालिका) राज्य वुशु प्रतियोगिता 2026 का रविवार को भव्य समापन हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में करण प्रताप सिंह सिसोदिया, प्रदेश अध्यक्ष, करणी सेना ने शिरकत की। एवं प्रतियोगिता की अध्यक्षता हीरानन्द कटारिया, अध्यक्ष, राजस्थान वूशू संघ ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप मे विजय सर्राफ, महासचिव भारतीय वूशू संघ, विजय सिंह शेखावत, कोषाध्यक्ष, राजस्थान वूशू संघ, राजेश कुमार टेलर, प्रशिक्षक भारतीय वूशू टीम एवं हरिओम पुरोहित, फाउन्डर, होटल अम्बरबाल समूह मोजूद रहे। आयोजन सचिव गणेश कुमार हर्ष ने अतिथियों को साफा पहनाकर व स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया। प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा। प्रथम स्थान (ओवरऑल चैंपियन): जयपुर - 172 अंक, द्वितीय स्थान (रनर-अप): हनुमानगढ़ - 30 अंक, तृतीय स्थान (सेकंड रनर-अप): चुरू -17 अंक, बेस्ट अनुशासित टीम: बीकानेर , बेस्ट प्लेयर (बालक वर्ग): आशु (हनुमानगढ़), बेस्ट प्लेयर (बालिका वर्ग): हिमांगी नेगी (जयपुर)

कार्यक्रम के अंत में डॉ. पुष्पा शर्मा, अध्यक्ष, बीकानेर वुशू संघ ने प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए सभी जिलों से आए खिलाड़ियों, टीम कोच, मैनेजर, निर्णायक मंडल और प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी खेल प्रेमियों व मीडियाकर्मियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

**भारतीय वृशू संघ की जैसलमेर में आयोजित होने वाली साधारण सभा की वार्षिक बैठक मे हीरानन्द कटारिया भाग लेंगे।** भारतीय वूशू संघ की साधारण सभा की वार्षिक बैठक कल होटल लीला, जैसलमेर में आयोजित की जाएगी। राजस्थान वूशू संघ की सचिव श्रीमती ममता वर्मा ने बताया कि कल दिनांक 30 मार्च को शाम 4 बजे मीटिंग रखी जाएगी जिसमें भारतीय वूशू संघ के उपाध्यक्ष व राजस्थान वुशू संघ के अध्यक्ष हीरानंद कटारिया भाग लेंगे।

## इस उम्र में भी विराट को अंदर जो भूख है वो वाकई में अजीब और हैरान करने वाली है : आर. अश्विन

नई दिल्ली, 29 मार्च। आईपीएल 2026 के पहले ही मैच में आरसीबी और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच जो हुआ उसे देखकर हर कोई हैरान है। इस दौरान सबसे ज्यादा विराट कोहली सुर्खियों में रहे, इस मुकाबले में कोहली की एनर्जी को देखकर आर अश्विन भी उनके कायल हो गए। अश्विन ने कहा कि इस उम्र में भी विराट को अंदर जो भूख है वो वाकई में अजीब और हैरान करने वाली है। मैच में कोहली ने पहले तो 20 ओवर फील्डिंग की लेकिन जब बैटिंग की बारी आई तो उन्होंने अकेले दम पर मैच जिताकर ही दम लिया। अश्विन ने मैच के बाद बातचीत में एक मजेदार वाक्या शेयर किया। उन्होंने कहा कि, मुझे इस क्रम में विराट को देखकर अजीब लगता है। मैं कभी-कभी उसे टोकता भी हूं। वो 40 के आसपास पहुंच रहा है एक अच्छी पार्टनरशिप चल रही थी और आरसीबी मजे में थी। लेकिन तभी विराट ने एक सिंगल लिया और दूसरा रन लेने के लिए इतनी तेजी से भागा कि दूसरा बल्लेबाज अभी आधा रास्ता भी पार नहीं कर पाया था। अश्विन के मुताबिक लेग साइड की बाउंड्री सिर्फ 57 मीटर की थी, फिर भी विराट कोहली का हर रन के लिए वो जोश दिखाना बताता है कि वो गेम को लेकर कितने सीरियस हैं।

## कृष्णा की जीत में रवि का ऑलराउंड खेल व राहुल की उम्दा गेंदबाजी

जयपुर, 29 मार्च। मैत्री क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित चतुर्थ डॉ. ए.पी.जे अब्दुल कलाम स्मृति टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तर्गत आज कृष्णा क्रिकेट एकेडमी ग्राउण्ड में खेले गये क्वार्टर फाईनल मैच में कृष्णा क्रिकेट एकेडमी रवि शर्मा 37 रन व 33 रन पर 4 विकेट तथा राहुल सिंह 17 रन पर 3 विकेट, ऋषभ मोदी 20 रन पर 2 विकेट की शानदार गेंदबाजी की बदौलत संस्कार क्रिकेट एकेडमी को 7 विकेट से हराकर सेमी फाईनल में प्रवेश किया।

टॉस जीतकर कृष्णा क्रिकेट एकेडमी ने पहले क्षेत्र रक्षण का निर्णय लिया। संस्कार एकेडमी की और से अभिषेक यादव 25 रन, एजाज 24 रन, आरव कुमार 19 रन छोड़कर कोई भी बल्लेबाज कृष्णा क्रिकेट एकेडमी के गेंदबाजों रवि शर्मा 37 रन व 33 रन पर 4 विकेट तथा राहुल सिंह 17 रन पर 3 विकेट, ऋषभ मोदी 20 रन पर 2 विकेट के समक्ष बिलकुल नहीं टिक सकें और पूरी टीम 99 रन पर सिमट गयी।

जवाबी पारी में कृष्णा क्रिकेट एकेडमी ने रवि शर्मा 37 रन, भवानी सुथार 31 रन, देवांश सिंह 14 रन व जितेन्द्र यादव 11 रन नाबाद की मदद से विजय लक्ष्य 101 रन 3 विकेट खोकर 11.3 ओवर में हासिल कर 7 विकेट से जीत दर्ज की। संस्कार क्रिकेट एकेडमी की और से राजवीर सिंह राठौड़ 17 रन पर 2 विकेट तथा अभिषेक यादव 38 रन पर 1 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहें। इस मैच का मैन ऑफ दी मैच रवि शर्मा कृष्णा क्रिकेट एकेडमी रहे।

## सबालेंका ने जीता मियामी ओपन, कोको गॉफ को हराकर लगातार दूसरी बार जीता खिताब



नई दिल्ली, 29 मार्च। आर्यना सबालेंका ने मियामी ओपन का खिताब अपने नाम कर लिया है। उन्होंने फाइनल मुकाबले में दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी कोको गॉफी को 6-2, 4-6, 6-3 से हराया। इगा स्वियाटेक के बाद सबालेंका सनशाइन डबल पूरा करने वाली पहली खिलाड़ी बन गई हैं।आर्यना का ये लगातार दूसरा मियामी ओपन खिताब है। इससे पहले ऐश बार्टी और सेरेना विलियम्स ही लगातार ये टूर्नामेंट जीत पाई थीं। इस तरह सबालेंका ने दिग्गज खिलाड़ियों की सूची में अपनी जगह बना ली है। सबालेंका एक ही सीजन में इंडियन वेल्स और मियामी में सनशाइन डबल जीतने वाली पांचवीं महिला खिलाड़ी बन गई हैं। सबालेंका से पहले स्टेफी ग्राफ, किम क्लिस्टर्स, विक्टोरिया अजारेंका और इगा स्वियाटेक ये कारनामा कर चुकी हैं। सबालेंका 2000 के बाद से चौथी खिलाड़ी हैं जो साल के अपने पहले चार टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची। उनसे पहले मार्टिना हिंगिस-2001, सेरेना विलियम्स-2003 और विक्टोरिया अजारेंका-2012 के फाइनल में पहुंची हैं। वहीं खिताब जीतने के बाद सबालेंका ने कहा कि, ये खिताब काफी खास है। मेरा लक्ष्य हमेशा इतिहास में अपना नाम दर्ज कराना रहा है।

### आर लीग ए डिवीजन फुटबॉल लीग

## सनराइज एफसी की 11-2 से धमाकेदार जीत, मुकेश के 5 गोल




जयपुर, 29 मार्च। राजस्थान फुटबॉल संघ व पूर्णिमा यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित आर लीग ए डिवीजन फुटबॉल लीग में रविवार को खेले गए मुकाबलों में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। दिन के अंतिम मैच में सनराइज फुटबॉल क्लब ने जेरठी फुटबॉल क्लब को 11-2 से हराकर एकतरफा जीत दर्ज की। सनराइज के मुकेश ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए 5 गोल दागे। मैच के पहले ही मिनट में मुकेश ने गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद 17वें, 21वें और 31वें मिनट में लगातार गोल कर उन्होंने चार गोल पूरे किए। सुफियान ने 34वें और 36वें मिनट में दो गोल कर मध्यांतर तक टीम को 6-0 से आगे कर दिया। दूसरे हाफ में आशीष (52वें मिनट), कुशाग्रराज (61वें मिनट), प्रतीक (85वें मिनट), मुकेश (86वें मिनट) और भूपेंद्र सिंह (90वें मिनट) ने गोल किए। जेरठी की ओर से देवराज (75वें मिनट) और फरहान (83वें मिनट) ने गोल किए। इससे पहले प्रथम खेले गए मैच में जयपुर सिटी फुटबॉल क्लब ने ब्रदर यूनाइटेड को 4-1 से हराया। जयपुर सिटी के महिपत सिंह ने तीन गोल कर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई, जबकि आशीष ने एक गोल किया। ब्रदर यूनाइटेड की ओर से विजय चौधरी ने एकमात्र गोल दागा। द्वितीय मुकाबले में जिंक फुटबॉल अकादमी ने रिहान फुटबॉल क्लब को 4-0 से हराया। जिंक की ओर से करण ने दो गोल किए, जबकि संदीप और रियाज ने एक-एक गोल कर टीम की जीत सुनिश्चित की। संघ सचिव दिलीप सिंह शेखावत के अनुसार, 20 मार्च से शुरू हुई इस लीग में कुल 42 मैच खेले जाएंगे। प्रतियोगिता के तहत 1 अप्रैल को तीन और मुकाबले खेले जाएंगे।


### सरकार ने फिर बदला आरसीए एडहॉक कमेटी का कन्वीनर

# कुमावत को हटाकर मोहित यादव को बनाया आरसीए एडहॉक कमेटी कन्वीनर, 9वीं बार बढ़ाया कार्यकाल

जयपुर, 29 मार्च। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की एडहॉक कमेटी में राज्य सरकार ने एक फिर बदलाव किया है। कमेटी कन्वीनर के साथ ही कुछ सदस्यों को भी बदला गया है। सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार कार्यालय के आदेशानुसार मोहित यादव (अलवर जिला क्रिकेट संघ) को आरसीए एडहॉक कमेटी का संयोजक (कन्वीनर) नियुक्त किया गया है व साथ ही धनञ्जय सिंह खींवसर (जोधपुर जिला क्रिकेट संघ), आशीष तिवाड़ी (सीकर जिला क्रिकेट संघ), अर्जुन बेनीवाल (हनुमानगढ़ जिला क्रिकेट संघ) व अरिष्ट सिंघवी (जोधपुर जिला क्रिकेट संघ,पूर्व रणजी व आईपीएल खिलाडी, राजस्थान) आरसीए एडहॉक कमेटी सदस्य होंगे। डीडी कुमावत की जगह भाजपा विधायक जसवंत यादव के बेटे मोहित यादव को कन्वीनर नियुक्त किया गया है। कमेटी में दो नए चेहरों को



आशीष तिवाड़ी



अरिष्ट सिंघवी


शामिल किया है। इनमें पूर्व मंत्री चंद्रराज सिंघवी के पोते अरिष्ट सिंघवी और हनुमानगढ़ के भादरा से विधायक संजीव बेनीवाल के बेटे अर्जुन बेनीवाल को सदस्य बनाया गया है। नई एडहॉक कमेटी में स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के बेटे धनंजय सिंह खींवसर, बीजेपी सांसद घनश्याम तिवाड़ी के बेटे आशीष तिवाड़ी को फिर जगह दी गई है। सरकार ने 9वीं बार एडहॉक कमेटी का कार्यकाल बढ़ाया है।




मोहित यादव ( कन्वीनर )

### दो वर्ष से कमेटी का कार्यकाल बढ़ा रही सरकार

दरअसल, आरसीए की निर्वाचित कार्यकारिणी को भंग किए जाने के बाद से भजनलाल शर्मा सरकार पिछले दो वर्ष से लगातार एडहॉक कमेटी का कार्यकाल बढ़ाती आ रही है। 9वीं बार एडहॉक कमेटी का कार्यकाल बढ़ाया गया है। इस दौरान संघ के चुनाव लंबित हैं। अब एक बार फिर कमेटी में बड़े बदलाव करते हुए मौजूदा कन्वीनर दीनदयाल कुमावत को पद से हटा दिया गया है। उनके साथ ही भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पिंकेश जैन को भी एडहॉक कमेटी से बाहर कर दिया गया है।



धनंजय सिंह



अर्जुन बेनीवाल

### नई कमेटी का कार्यकाल 3 माह का

सरकार की ओर से गठित इस नई एडहॉक कमेटी का कार्यकाल 3 महीने निर्धारित किया गया है। इस अवधि के दौरान कमेटी के सामने सबसे बड़ी जिम्मेदारी पिछले दो साल से लंबित आरसीए के चुनाव करवाने की होगी। ऐसे में आने वाले समय में आरसीए की सियासत और तेज होने के आसार हैं। इस फैसले को आरसीए में प्रशासनिक पुनर्गठन और चुनावी प्रक्रिया को गति देने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि नए सदस्यों के चयन को लेकर राजनीतिक चर्चाएं भी शुरू हो गई हैं। कुछ लोग ऐसे बीजेपी की अंदरूनी सियासत का नतीजा बता रहे हैं। ऐसे में आने वाले दिनों में राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन का विवाद एक बार फिर कोर्ट तक पहुंच सकता है।

# कांग्रेस नेताओं की लूट व झूठ की कहानी हर कोई जानता है- भजनलाल

## मुख्यमंत्री ने जमवा रामगढ़ में ''मन की बात'' सुनने के बाद आमजन को संबोधित किया



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को जमवारामगढ़ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना और आमजन को संबोधित किया।

जयपुर, 29 मार्च 2026। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जमवारामगढ़ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का श्रवण करने के पश्चात आमजन को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि

■ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता को अपनी ही सरकार के खिलाफ अजमेर से जयपुर पैदल मार्च निकालना पड़ा था। उनके पैर के छालों की लाज हमने रखी, पेपर लीक पर लगाम लगा दी व माफियाओं को जेल भेजा।

सभी को याद है, कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता को अपनी ही सरकार के खिलाफ अजमेर से जयपुर पैदल मार्च निकालना पड़ा था। उनके पैरों में छाले पड़ गए थे, उनकी पार्टी के नेताओं ने तो उन्हें 'नकारा निकम्मा' कहकर अपमानित किया था, लेकिन हमने उनके उन छालों की भी लाज रखी और माफियाओं को जेल भेजा और पेपरलीक पर लगाम लगा दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की जनता ने इंतजार शास्त्र की बात करने वालों का झूठ का शास्त्र, भ्रष्टाचार का शास्त्र और जेजेएम घोटाला देखा है। उन्होंने कहा कि समय बड़ा बलवान है। कांग्रेस सरकार में जिनको नकारा निकम्मा कहा, आजकल उनकी दिल्ली में बहुत चल रही है। इस कारण इंतजार शास्त्र वाले तड़प रहे हैं। जैसा किया है, वैसा भरना ही पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी और बड़े नेताजी अपने बेटों को आज भी लॉन्च करने में ही लगे हुए हैं। कांग्रेसी नेता आज भी आपस में लड़ रहे हैं। इनकी लूट और झूठ की कहानी हर कोई जानता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री ने ट्विटर पर आज कल कोई इंतजार शास्त्र चला रखा है। लेकिन निगाहें कहीं और निशाना कहीं और चल रहा है। ये उनकी तड़प है कि दिल्ली का उनका आलाकमान बेरुखी दिखा रहा है और असल में तो उन्हें बुलावे का इंतजार है।

## बरनाला में मकान गिरने से तीन मजदूरों की मौत

बरनाला, 29 मार्च। पंजाब के बरनाला जिले के गांव फरवाही में रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसे ने तीन परिवारों की खुशियां छीन लीं। यहां जैक की मदद से ऊपर उठाया जा रहा एक मकान अचानक भरभराकर गिर गया, जिससे उसके अंदर सो रहे तीन मजदूर मलबे में दब गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। ये पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हुई। हादसे के बाद पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। गुरुद्वारा साहिब से अनाउन्समैंट करके लोगों को मदद के लिए बुलाया गया। ग्रामीणों ने मलबा हटाकर तीनों मजदूरों के शव बाहर निकाले। गांव के सरपंच जगसीर सिंह के अनुसार, विशाल कुमार के मकान को जैक की मदद से ऊपर उठाने का काम पिछले कई सप्ताह से चल रहा था। इसके लिए मोगा के एक ठेकेदार को जिम्मेदारी दी गई थी। काम में चार मजदूर लगे हुए थे, जो दिनभर काम करने के बाद उसी मकान में सो जाते थे। शनिवार रात भी तीन मजदूर वहीं सो रहे थे, जबकि एक अपने घर चला गया था। डीएसपी सतवीर सिंह ने बताया कि मकान की नींव में सीवरेज का पानी जाने के कारण वह एक तरफ से कमजोर हो गया था।

# ईरान के मिसाइल हमले से इज़रायल के कैमिकल हब में आग लगी

## कैमिकल रिसाव की आशंका के कारण इज़रायल ने लोगों को घर में बंद रहने की सलाह दी

तेल अवीव, 29 मार्च। ईरान ने इज़रायल के प्रमुख केमिकल हब पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया है। इससे वहां भीषण आग लग गई है। दक्षिणी इज़रायल के नियोत होवाव औद्योगिक क्षेत्र में ईरानी बैलिस्टिक मिसाइल हमले के बाद लगी आग से केमिकल रिसाव की आशंका से सुरक्षा एजेन्सियाँ अलर्ट हो गई हैं। नियोत होवाव पर हुए इस हमले से जुड़ी कई तस्वीरें और वीडियो भी सामने आए, जिनमें धुएं का भारी गुबार उठता नजर आ रहा है।

■ नियोत होवाव औद्योगिक क्षेत्र इज़रायल का प्रमुख कैमिकल हब है। यहाँ खतरनाक रसायनों का उत्पादन व भंडारण होता है। इस इलाके पर हमले को सिर्फ सैन्य ही नहीं, पर्यावरण व नागरिक सुरक्षा के लिए भी बहुत संवेदनशील माना जाता है।

इज़रायली मीडिया आउटलेट, द टाइम्स ऑफ इज़रायल के अनुसार, दमकल और बचाव दल क्षतिग्रस्त स्टोरेज यूनिट्स को सील करने और स्थिति को काबू में लाने में जुटे हैं। राहत की बात यह है कि अब तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है और कर्मचारियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया है। आसपास के लोगों को घरों में रहने और खिड़कियां बंद रखने की सलाह दी गई है। आईडीएफ ने भी लोगों को वर्तमान हालात को देखते हुए सावधानी बरतने और बाहर न निकलने की सलाह दी है।

यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब इज़रायल और ईरान के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। नियोत होवाव औद्योगिक क्षेत्र इज़रायल का एक प्रमुख केमिकल और औद्योगिक हब है, जहां कई खतरनाक रसायनों का उत्पादन और भंडारण होता है। ऐसे में इस इलाके पर हमला सिर्फ सैन्य ही नहीं बल्कि पर्यावरण और नागरिक सुरक्षा के लिहाज से भी बेहद संवेदनशील माना जाता है। अब तक इस घटना में किसी बड़े मानवीय नुकसान की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन हालात की गंभीरता को देखते हुए सतर्कता बरती जा रही है।

हाल के दिनों में ईरान, इज़रायल-अमेरिका जंग के हालात और ज्यादा संवेदनशील हो गए हैं। हिजबुल्लाह जैसे ईरान-समर्थित संगठनों और इज़रायल के बीच सीमा पर झड़पें बढ़ी हैं, जबकि इज़रायल ने ईरान के सैन्य ठिकानों और सहयोगी नेटवर्क को निशाना बनाने की रणनीति अपनाई है।

# स्टालिन ने महिलाओं को दो हजार रूपए व लैपटाप का वादा किया

चेन्नई, 29 मार्च। तमिलनाडु में चुनावी बिगुल बज चुका है और इसी के साथ शुरू हो गया है वादों और दावों का सबसे बड़ा मुकाबला। सत्ताधारी पार्टी डीएमके ने मेनिफेस्टो जारी कर दिया है। इसमें महिलाओं को 2,000 हजार रुपए, पेंशन बढ़ाने और लैपटॉप बांटने जैसे लोकलुभावन वादे किए गए हैं।

■ तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी डीएमके ने चुनाव घोषणा पत्र जारी किया।

मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा कि इल्लाथु अरसी योजना के तहत महिलाओं को वाशिंग मशीन, ग्राइंडर, टीवी, माइक्रोवेव आदि जैसी अपनी पसंद की चीजें खरीदने के लिए 8000 रुपये दिए जाएंगे। कर न देने वाली सभी महिलाओं को यह सहायता मिलेगी। वे इसे अपने आस-पास की दुकान से खरीद सकती हैं।

मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में भी बड़े सुधार देखने को मिलेंगे।

मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना के लिए आय की सीमा बढ़ाकर सालाना 5 लाख रुपये कर दी जाएगी। इतना ही नहीं, इसका कवरेज बढ़ाकर 10 लाख रुपये कर दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जिला स्तर से लेकर तालुका स्तर तक के सरकारी अस्पतालों में डायलिसिस की सुविधाओं को दोगुना किया जाएगा।

# अमेरिका के सभी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि वे ट्रम्प सरकार की कई नीतियों से नाराज हैं। उनका गुस्सा खास तौर पर ईरान के साथ बढ़ते तनाव, सख्त इमिग्रेशन कार्रवाई और बढ़ती महंगाई को लेकर है। कई जगहों पर लोगों ने ट्रम्प और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के खिलाफ पोस्टर दिखाए और उन्हें पद से हटाने की मांग की।

अमेरिका के न्यूयॉर्क जैसे बड़े शहरों से लेकर ड्रिग्स जैसे छोटे कस्बों तक, लगभग 3,300 से अधिक कार्यक्रम दर्ज किए गए। अधिकांश सभाएं शांतिपूर्ण रहीं, लेकिन लॉस एंजिल्स में झड़पें हुईं, जहां कुछ प्रदर्शनकारियों द्वारा संघीय हिरासत केंद्र के पास वस्तुएं फेंकने के बाद पुलिस ने आंसू गैस का इस्तेमाल किया। अधिकारियों ने बताया कि जब लोगों ने तितर-बितर होने से इंकार कर दिया तो गिरफ्तारियां की गईं। वाशिंगटन डीसी में, सैकड़ों लोग लिंकन मेमोरियल से नेशनल मॉल तक मार्च करते हुए गए, उनके हाथों में ''ताज उतारो, मसखरा'' लिखे बैनर थे और वे ''कोई राजा नहीं'' के नारे लगा रहे थे।

# हिमाचल ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

से अंतर-घाटी संपर्क भी प्रभावित हुआ है। पुलिस ने हिमस्खलन, भूस्खलन और अचानक हाईवे बंद होने की आशंका को लेकर अलर्ट जारी किया है। सुबह से ही राज्य के कई हिस्सों में गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई, जिससे मौसम ठंडा हो गया है।

ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बफर्बारी के कारण तापमान में अचानक गिरावट आई है और दिन के तापमान में और कमी आने की संभावना है। राजस्थान में 31 मार्च तक बारिश और आंधी की चेतावनी जारी की है।

# राजग की सरकार बनने से केरल में विकास तेज होगा- मोदी

नई दिल्ली, 29 मार्च। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि केरल में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है और यह राज्य में बदलाव का स्पष्ट संकेत है। उन्होंने भरोसा जताया कि आने वाले समय में केरल में राजग की सरकार बनने पर तेज विकास होगा।

■ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केरल के पलक्कड़ में चुनाव सभा में राज्य में बदलाव की बात कही।

केरल के पलक्कड़ में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने वाम दलों के नेतृत्व वाले एलडीएफ और कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ गठबंधन पर तीखा हमला बोला। उन्होंने दोनों गठबंधनों को भ्रष्ट और सांप्रदायिक करार देते हुए कहा कि उनकी राजनीति केवल वोटबैंक तक सीमित है और उन्हें राज्य के विकास की चिंता नहीं है।

प्रधानमंत्री ने कहा, एलडीएफ और यूडीएफ की नीतियां सिर्फ वोटबैंक पॉलिटिक्स पर आधारित हैं। मैं केरलम की जनता को विश्वास दिलाता हूं कि राजग की सरकार बनने पर राज्य का तेज विकास होगा। यह मोदी की गारंटी है।

उन्होंने कहा, ''केरलम लंबे समय से एलडीएफ और यूडीएफ के बीच फंसा हुआ है, लेकिन अब राज्य में बदलाव का माहौल बन रहा है।'' प्रधानमंत्री के अनुसार, राज्य के युवा, महिलाएं और किसान, अब भाजपा और राजग के प्रति भरोसा जता रहे हैं, जो एक उभरते जनआंदोलन का रूप ले रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने एलडीएफ और यूडीएफ के बीच 'बी टीम' को लेकर चल रही बयानबाजी का जिक्र करते हुए कहा कि इससे साफ होता है कि दोनों ही गठबंधन भाजपा को एक मजबूत विकल्प मानने लगे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ये दोनों दल एक-दूसरे के खिलाफ केवल बयान देते हैं, लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं करते।

राज्य की आर्थिक स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि केरल पर पांच लाख करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज है, जो पिछले दस वर्षों में तीन गुना हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह पैसा सही दिशा में खर्च नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि राज्य में राजग की सरकार बनने पर हर रुपये का हिसाब लिया जाएगा।

प्रधानमंत्री ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए केंद्र सरकार की नीतियों का उल्लेख किया और कहा कि सरकार इस दिशा में लगातार काम कर रही है। साथ ही, पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि विदेशों में फंसे भारतीयों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# छत्तीसगढ़ ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

के बीच रुक-रुक कर फायरिंग हुई।

मुठभेड़ के बाद इलाके की तलाशी लेने पर एक नक्सली का शव हथियार सहित बरामद किया गया। मृत नक्सली की पहचान 5 लाख रुपये के इनामी पीपीसीएम कैडर के प्लाटून नंबर 31 के सेक्शन कमांडर मूचाकी कैलाश के रूप में हुई है। वह पूलनपाड़ गांव, चिंतलनार थाना क्षेत्र का निवासी था।

पुलिस के अनुसार, मूचाकी कैलाश कई बड़ी नक्सली वारदातों में शामिल रहा था, जिनमें नागरिकों की हत्या, सुरक्षाबलों पर हमले और आईईडी विस्फोट की साजिशें शामिल हैं।

वहीं बस्तर रेंज के आईजी सुन्दरराज पट्टिलंगम ने कहा कि माओवादी कैडरों के पास आत्मसमर्पण और पुनर्वास का अवसर अब अंतिम चरण में है। उन्होंने नक्सलियों से अपील की कि वे हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौटें और शांतिपूर्ण जीवन अपनाएं। फिलहाल इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है और सुरक्षाबल सतर्क हैं।

# अमेरिका ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

ऑनलाइन अमेरिकी न्यूज पोर्टल वाईनेटन्यूज डॉट ने बताया कि यह ईरान के साथ चल रहे युद्ध से जुड़े यूएस सैन्य विस्तार का हिस्सा है। इसमें ऐसी एम्फीबियस सेनाएं शामिल हैं जो समुद्र-आधारित हमले और जमीनी दोनों तरह के ऑपरेशन करने में सक्षम हैं। ऐसी यूनिट्स का इस्तेमाल आमतौर पर तेजी से तैनाती के लिए किया जाता है, जिसमें रणनीतिक जगहों को सुरक्षित करना, लोगों को निकालना या तटीय लक्ष्यों पर संभावित हमले करना शामिल है।

# कांग्रेस ने प. बंगाल में 284 उम्मीदवारों की घोषणा की

कोलकाता, 29 मार्च। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के लिए कांग्रेस ने 284 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। यहां कुल 294 विधानसभा सीटें हैं। कांग्रेस पार्टी यहां अकेले ही चुनाव लड़ रही है। हालांकि, अभी 10 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम का ऐलान नहीं किया गया है। इस बार कांग्रेस अपने सीनियर नेताओं को भी विधानसभा चुनाव में उतार रही है। अधीर रंजन चौधरी को लंबे समय बाद विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए कहा गया है। वह लगभग 30 साल बाद विधायक का चुनाव लड़ेंगे। उन्हें बहरामपुर से टिकट दिया गया है। इसके कयास पहले ही लगाए जा रहे थे। मौसम नूर को मालतीपुर से टिकट मिला है। इसके अलावा भी कई सीनियर नेताओं को चुनावी मैदान में उतारा गया है। ममता बनर्जी की भवानीपुर सीट से कांग्रेस ने प्रदीप प्रसाद को टिकट दिया है। वहीं, बीजेपी ने सुवेंदु अधिकारी को ममता के खिलाफ खड़ा किया है। ऐसे में यहां पर ममता बनर्जी, सुवेंदु अधिकारी और प्रदीप प्रसाद के बीच त्रिकोणीय लड़ाई हो सकती है।

■ इस बार कांग्रेस अकेले चुनाव लड़ रही है तथा उसने वरिष्ठ नेताओं को भी मैदान में उतारा है।

# अमेरिका ने विदेशी प्रोफेश्नल्स ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जिस पर अमेरिका के तकनीकी और सेवा क्षेत्र लंबे समय से निर्भर हैं।

इस नीतिगत बदलाव का सबसे ज्यादा असर भारतीयों पर पड़ सकता है। करीब 70 प्रतिशत एच-1बी वीज़ा भारतीयों को मिलते हैं, जिनमें से बहुत से लोग आईटी सेवाओं, इंजीनियरिंग और कंसल्टिंग क्षेत्रों में काम करते हैं। अनुमान है कि अमेरिका में एच-1बी वीज़ा पर काम कर रहे 2.8 लाख से अधिक भारतीय पेशेवरों को अनिश्चितता का सामना करना पड़ सकता है। अगर कंपनियों को नए वेतन मानकों को पूरा करना अव्यवहारिक लगता है, तो नौकरी छूटने या वापस लौटने की स्थिति बन सकती है।

■ टी.सी.एस., इंफोसिस, विप्रो व एचसीएल काफी भारतीय प्रोफेशनल्स को अमेरिका में पोस्ट रखते थे। अतः इन कंपनियों को इस रीति-नीति में परिवर्तन करना पड़ेगा।

इसके दूरगामी प्रभाव भारतीय आईटी कंपनियों, जैसे टीसीएस, इन्फोसिस, विप्रो और एचसीएल टैक्नॉलजीज़ पर तत्काल हो सकते हैं, जो लंबे समय से एच-1बी कार्यक्रम के जरिए अपने कुशल कर्मचारियों को अमेरिका भेजती रही हैं। अधिक वेतन देने की बाध्यता से लागत बढ़ेगी, जिससे मुनाफे पर असर पड़ सकता है और कंपनियों को अपने बिजनेस मॉडल पर फिर से विचार करने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। कंपनियां लागत के दबाव को कम करने के लिए अमेरिका में स्थानीय कर्मचारियों को ज्यादा रखने, ऑटोमेशन बढ़ाने या काम को दूसरे देशों में शिफ्ट करने की दिशा में कदम उठा सकती हैं।

व्यक्तिगत पेशेवरों के लिए इसके प्रभाव और भी गंभीर हैं। कई एच-1बी कर्मचारी मध्यम स्तर की नौकरियों में हैं, जहां उनका वेतन शायद संशोधित न्यूनतम सीमा के अनुसार नहीं हो सकता। इससे स्थिति ऐसी बन सकती है कि केवल बहुत उच्च कौशल वाले या विशिष्ट विशेषज्ञता वाले कर्मचारी ही अमेरिका में काम करने के योग्य रह जाएं, तथा बड़ी संख्या में उम्मीदवार बाहर हो जाएं। भारतीय इंजीनियरों और तकनीकी स्नातकों के लिए अमेरिकन ड्रीम हासिल करना और मुश्किल हो सकता है।

इसका एक व्यापक आर्थिक असर भी हो सकता है। अमेरिका का तकनीकी क्षेत्र पहले से ही आर्टिफिशल इंटैलिजैंस, साइबर सुरक्षा और क्लाउड कंप्यूटिंग जैसे क्षेत्रों में प्रतिभा की कमी से जूझ रहा है। ऐसे में यह नीति कंपनियों की भर्ती क्षमता को सीमित कर सकती है। जहां इसका उद्देश्य घरेलू नौकरियों की रक्षा करना है, वहीं आलोचकों का कहना है कि इससे नवाचार और प्रतिस्पर्धा पर नकारात्मक असर पड़ सकता है।

भारत के लिए यह स्थिति मिश्रित हो सकती है। एक तरफ, कुशल पेशेवरों का संभावित ''रिवर्स माइग्रेशन'' (वापसी) देश के टैलेंट पूल को मजबूत कर सकता है, जिससे स्टार्टअप, फिनटैक और डिजिटल सेवाओं जैसे क्षेत्रों को फायदा होगा। दूसरी तरफ, अगर बड़ी संख्या में भारतीय कामगारों को वापस लौटने पर मजबूर होना पड़े, तो विदेश से आने वाली धनराशि (रेमिटेंस) पर असर पड़ सकता है, जो विदेशी मुद्रा का एक महत्वपूर्ण स्रोत है।

यह नीति ऐसे समय में अनिश्चितता को और बढ़ाती है, जब वैश्विक स्तर पर पहले से ही भू-राजनीतिक तनाव और बदलती आर्थिक प्राथमिकताओं के कारण लोगों का आना-जाना प्रभावित हो रहा है। विदेश में करियर बनाने की योजना बना रहे छात्रों और युवा पेशेवरों के लिए संदेश साफ है, अमेरिका जाने के अवसर अब सीमित और ज्यादा चयनात्मक होते जा रहे हैं।

अंततः, प्रस्तावित एच-1बी वेतन वृद्धि इमिग्रेशन में सिर्फ एक छोटा-मोटा बदलाव नहीं है, बल्कि यह दिखाता है कि अमेरिका वैश्विक प्रतिभा के साथ अपने संबंधों को नए तरीके से तय कर रहा है। भारतीय पेशेवरों और कंपनियों के लिए यह संकेत है कि उन्हें खुद को बदलते हालात के अनुसार ढालना होगा, चाहे वह नए कौशल सीखना हो, नए बाजारों की तलाश करना हो या अपनी कारोबारी रणनीतियों को नया रूप देना हो।






राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा राष्ट्रदूत प्रेस, जी1/63 इंडस्ट्रीयल एरिया फेस प्रथम, जालौर, (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2006/17286 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908